तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 16.3 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




मसानगंज इलाके में उठाव नहीं होने से चारों ओर फैला कचरा।

## खबर संक्षेप

### नेशनल हाईवे पर सामग्री रखकर नाली निर्माण



**बिलासपुर।** रायपुर रोड में हाईकोर्ट के पहले सड़क के बायीं तरफ नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सड़क किनारे खुदाई तो काफी पहले की जा चुकी है, वहीं निर्माण अब प्रारंभ किया गया है। ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण के लिए रेत व गिट्टी बिलासपुर-रायपुर मुख्य मार्ग पर ही डंप कर दी गई है, जिससे वाहन चालकों, विशेषकर दुपहिया वाहनों के स्लिप होकर आगे-पीछे से आ रहे भारी वाहनों की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने का भय है। चूंकि इसी मार्ग पर आगे हाईकोर्ट भी स्थित है, जिससे मार्ग में अधिकारियों की लगातार आवाजाही होती है। इसके बाद भी ठेकेदार के द्वारा बगैर किसी भय के बीच सड़क पर निर्माण सामग्री डंप करके रखी गई है।

### 6 आरोपियों से जब्त किए सोने-चांदी के जेवरात

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत अभियान चलाकर 6 आरोपियों को पकड़कर सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल सहित अन्य सामानों को जब्त किया है। 14 फरवरी को एक यात्री के बैग से लगभग डेढ़ तोला सोने का हार चोरी कर लिया गया था। इसकी शिकायत जीआरपी में की गई थी। सूचनाओं के आधार पर पांच आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने ट्रेन में चोरी की घटना को स्वीकार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नकद राशि बरामद करने के उपरांत शासकीय रेलवे पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### पुरी से पुणे तक एक फेरा लगाएगी स्पेशल ट्रेन



**बिलासपुर।** पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है, जिसका वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, एवं गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। पुरी-पुणे स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी शुक्रवार को पुरी से 6 बजे रवाना होकर खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, ढेंकानाल, तालचेर रोड, अनुगुल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, बिलासपुर 18.15 बजे से 18.25 बजे तक, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, दूसरे दिन नागपुर, वर्धा, बडनेरा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्या नगर, दौंड होते हुए 16.50 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी।

### हुब्बल्लि मंडल में बीसीएम कार्य से ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर।** दक्षिण पश्चिम रेलवे के हुब्बल्लि मंडल के कैसलरॉक–कुलें घाट सेक्शन में लाइन ब्लॉक लेकर बीसीएम के माध्यम से ट्रैक अनुरक्षण एवं ट्रैक रिन्यूअल का कार्य किया जाएगा। इस कार्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 27 अप्रैल, 4, 11, 18 व 25 मई तथा 1 जून को जसीडीह से चलने वाली गाड़ी संख्या 17322 जसीडीह–वास्को द गामा एक्सप्रेस, हुब्बल्लि जंक्शन स्टेशन में समाप्त होगी तथा हुब्बल्लि जंक्शन से वास्को द गामा स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। 1, 8, 15, 22 व 29 मई तथा 5 जून को वास्को द गामा से चलने वाली 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस, वास्को द गामा के बजाय हुब्बल्लि जंक्शन स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा वास्को द गामा से हुब्बल्लि जंक्शन स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी।

# अगले 30 दिन में नाइट लैंडिंग के लिए खुल जाएगा बिलासपुर एयरपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट में बिलासपुर हवाई सुविधा विस्तार हेतु लगी जनहित याचिकाओं की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विकास के लिए क्या-क्या काम और होना है और उनके अद्यतन स्थिति क्या है, इस पर संचालक विमानन विभाग शपथ पत्र दाखिल करें। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग लाइसेंस मिलने के बाद संचालन के लिए क्या पर्याप्त स्टाफ है इस पर भी शपथ पत्र देने कहा गया है। समर शेड्यूल में उड़ानों की संख्या क्या होगी इसकी भी विस्तृत जानकारी हाईकोर्ट ने मांगी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से सुनवाई के दौरान कहा गया कि 30 दिन के बाद बिलासपुर एयरपोर्ट नाइट लैंडिंग में विमान को उतारने के लिए खुल जाएगा।

हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद अग्रवाल की खंडपीठ मैं बिलासपुर हवाई सुविधा विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार कुछ कार्य करते तो दिखाई दे रहे हैं, अतः उन्हें और समय प्रदान किया जाना उचित होगा।




एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से हाईकोर्ट में दी गई जानकारी

**रात में उड़ानें भर सकेंगी फ्लाइट**



### प्रयागराज की उड़ान में कमी किए जाने का मामला उठा

याचिककर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव ने नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए पर्याप्त स्टाफ की कमी का जिक्र करते हुए कहा कि अगर यह स्टाफ नहीं रहेगा तो नाइट लैंडिंग सुविधा पूरे टाइम नहीं मिल पाएगी। अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने भी इस बात का समर्थन करते हुए यह भी बताया कि राज्य सरकार ने जो फंड बिलासपुर एयरपोर्ट विकास के लिए आवंटित किए हैं उन्हें किस-किस कार्य में खर्च किया जाना है, इस पर भी अभी कोई स्थिति साफ नहीं है। अतः यह साफ होना चाहिए कि क्या-क्या काम भविष्य में किए जाएंगे। दोनों ही अधिवक्ताओं ने समर शेड्यूल में पुराने की संख्या पर्याप्त किए जाने की मांग की। वहीं सुदीप श्रीवास्तव ने विशेष रूप से प्रयागराज की उड़ान में कमी किए जाने का जिक्र किया। खंडपीठ ने अगली सुनवाई मार्च के महीने में किए जाने के निर्देश दिए हैं तब तक राज्य सरकार के विमानन में विभाग के संचालके उपरोक्त सभी बातों पर एक विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करेंगे।

### राज्य सरकार ने कहा, हम बेहतर काम के लिए तत्पर

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आज अपने आदेश में राज्य सरकार के विमानन विभाग के संचालक को आधारभूत संरचना की वर्तमान स्थिति और उसमें किए जाने वाले नए कामों, नाइट लैंडिंग सुविधा हो जाने के बाद वर्तमान में उपस्थित स्टाफ की स्थिति और समर शेड्यूल में किन उड़ानों का परिचालन होगा इस पर एक शपथ पत्र देने के निर्देश भी दिए हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से अधिवक्ता अनुमेह श्रीवास्तव ने बिलासपुर एयरपोर्ट नाइट लैंडिंग के संबंध में जारी नोटिस टू एयरमैन जिसे शॉर्ट में नोटाम कहा जाता है की प्रति फाइल की। इसके तहत 30 दिन के बाद बिलासपुर एयरपोर्ट नाइट लैंडिंग में विमान को उतारने के लिए खुल जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा और राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने खंडपीठ को इस बात से अवगत कराया कि राज्य और केंद्र सरकार बिलासपुर एयरपोर्ट में आगे और कार्य करने के लिए तत्पर हैं।

**आपस में ही भिड़ गए दो छात्र गुट** | **विवाद के कारण रंग में पड़ा भंग**



बुधवार को गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर में होली खेलते स्टूडेंट।

# सीयू कैंपस में रंगोत्सव के दौरान छात्रों के बीच जमकर विवाद, हाथापाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा होली पूर्व बुधवार को रंगोत्सव का आयोजन किया गया। रंग-गुलाल से सराबोर छात्र-छात्राएं डीजे की धुन पर झूमते, नाचते रंगोत्सव मना रहे थे तभी यूनिवर्सिटी के ही दो छात्रगुट आपस में उलझ गए और देखते ही देखते विवाद बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गई।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्र संगठनों द्वारा होली त्यौहार पूर्व रंगोत्सव हर साल मनाया जाता है। क्योंकि होली में बाहर से आए छात्र-छात्राएं अपने-अपने घर त्यौहार मनाने चले जाते हैं, इसलिए त्यौहार के कुछ दिन पहले से कैंपस में आयोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है।

इसी कड़ी में आज सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा रंगोत्सव का आयोजन किया गया था। परिसर में मंच बनाया गया था, जिस पर डीजे साऊंड सिस्टम लगाया गया था और डीजे की धुन, गीतों पर छात्र-छात्राएं नाच, झूम रहे थे। छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को रंग-गुलाल भी लगा रहे थे और रंग-गुलाल से पूरी तरह सराबोर थे। इसी बीच दो छात्र गुटों के बीच झगड़ा हो गया और नौबत हाथापाई, मारपीट तक आ गई। खबर है कि स्टेज पर चढ़ने के बात पर छात्र गुटों के बीच विवाद हुआ और दोनों छात्रगुट यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के बताए जा रहे हैं। इस तरह से होली रंगोत्सव के रंग में भंग पड़ गया और वहां काफी हंगामा हुआ। इस दौरान बाकी छात्रों ने किसी तरह दोनों गुट के छात्रों को अलग-अलग कर झगड़ा शांत कराया।



होली खेलने के दौरान मारपीट करते छात्र।

### उत्सवमय हो उठा यूनिवर्सिटी कैंपस

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा पिछले वर्ष के सफल आयोजन को देखते हुए इस बार व्यापक रूप से रंगोत्सव का आयोजन रखा गया था। इस कार्यक्रम में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों, शोधार्थियों एवं अन्य राज्यों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-गुलाल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपारिक गीतों से परिसर उत्सवमय हो उठा। छात्रों ने बताया कि रंगोत्सव भारतीय संस्कृति, समरसता और एकता का प्रतीक है और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी परिसर में सकरात्मक और राष्ट्रीय चेतना से युक्त वातावरण के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रसूता के पति से डेढ़ हजार रुपए मांगा, दो नर्स निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में बेटा होने पर दो नर्सों ने प्रसूता के पति से डेढ़ हजार रुपए खर्चापानी की मांग की, सोशल मीडिया में इसका वीडियो वायरल होने के बाद दोनों नर्सों को निलंबित कर दिया गया है।

सोशल मीडिया में एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें जिला अस्पताल के दो स्टाफ नर्स का प्रसूता का बेटा होने पर उसके पति से डेढ़ हजार रुपए की मांग करते दिख रही हैं। स्टाफ नर्स उनसे कह रही हैं कि सब कुछ अच्छे से हो गया है, उसके एवज में डेढ़ हजार रुपए खर्चापानी दें। वे यह भी कह रही हैं कि सरकारी अस्पताल में ग्लब्स नहीं मिलता है। प्रसूता के पति ने उन्हें 1000 दिया, तो उन्होंने लेने से इनकार कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। 25 फरवरी को संभागीय संयुक्त संचालक ने इस मामले में नर्स लक्ष्मी वर्मा, संजू चौरसिया को निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि लंबे समय से जिला अस्पताल में प्रसव होने के बाद स्टाफ नर्सों द्वारा प्रसूता के परिजनों ने खर्चापानी के नाम पर घूस ली जा रही है। घूस मिलने के बाद ही बच्चे को परिजनों को दिखाया जाता है।



वीडियो वायरल होने के बाद की गई कार्रवाई

# सुपारी किलिंग मामले का आरोपी राजू भाजपा से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर शहर में सराफा कारोबारी से लूटकांड एवं भाजपा पार्षद, व्यवसायी बंधु मौर्य के हत्या के लिए पूर्व नियोजित योजना में शामिल होने के आरोपी राजू सोनकर को भाजपा ने दायित्वों से मुक्त कर दिया है।



बेलतरा पूर्वी मंडल में अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजू सोनकर का नाम सराफा कारोबारी से लूटकांड एवं भाजपा पार्षद व्यवसायी बंधु मौर्य के हत्या के लिए पूर्व नियोजित योजना में आने के बाद पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कश्यप के पुष्टि पश्चात भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने राजू सोनकर को पदच्युत कर दायित्व मुक्त कर दिया है और इसकी विधिवत सूचना भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, महामंत्री संगठन पवन साय सहित संगठन में दायित्ववान उच्च पदाधिकारियों को दे दी गई है। पार्टी ने राजू सोनकर के स्थान पर विकास कुर्रे को पूर्वी मंडल में अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति दी है। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने इस आशय की पुष्टि करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुसंशित संगठन है। यहां अपराध या अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। हाल ही में घटित गंभीर अपराध में जिस तरह से अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष के नाम की संलिप्तता पाई गई पार्टी ने स्वतः संज्ञान लेकर उक्त आरोपी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

**अटल विश्वविद्यालय में जैम पोर्टल से खरीदी में गड़बड़ी का मामला**

# शासन ने एयू क्रय समिति सदस्यों से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य शासन ने जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री खरीदी में आर्थिक अनियमितता संबंधी मामले में अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति के सदस्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में तत्कालिन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे पर निलंबन की गाज पहले ही गिर चुकी है।

अटल यूनिवर्सिटी में जो भी सामग्री खरीदी क्रय एवं टेंडर संबंधी मामला होता है वह पहले क्रय समिति में जाता है, उसके बाद ही खरीदी, स्वीकृत होती है। इसलिए शासन ने अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति के सदस्यों को भी नोटिस जारी किया है और उनसे यूनिवर्सिटी में जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री खरीदी में अनियमितता मामले में जवाब मांगा है। क्रय समिति के सदस्यों को यूनिवर्सिटी के तत्कालिन रजिस्ट्रार के निलंबन के बाद नोटिस जारी किया गया है।


आर्थिक अनियमितता व भंडार क्रय नियम के उल्लंघन का आरोप

जैम पोर्टल में गड़बड़ी, एयू के तत्कालीन रजिस्ट्रार सस्पेंड

हरिभूमि में 24 फरवरी को प्रकाशित खबर।

अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति में वित्ताधिकारी अलेक्जेंडर कुजूर, प्रो. एचएस होता, डॉ. यशवंत पटेल, डॉ. कलाधर, डॉ. नेहा पांडेय एवं डिप्टी रजिस्ट्रार नेहा राठिया सदस्य हैं। क्रय समिति के जिन सदस्यों को शासन से नोटिस मिला है उन्हें अपना जवाब शासन को देना है।

### निलंबन अवधि में क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर मुख्यालय

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अटल यूनिवर्सिटी के तत्कालिन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को निलंबित किया गया है और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग निर्धारित किया गया है। शासन के आदेशानुसार श्री दुबे के खिलाफ विभागीय जांच की प्रक्रिया पृथक से की जाएगी। इस मामले में छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 संशोधित 2025 के संगत नियमों का पालन नहीं किया गया है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है।

### जांच के बाद से लटक रही थी कार्रवाई की तलवार

अटल यूनिवर्सिटी में आर्थिक गड़बड़ी संबंधी शिकायतों पर कुछ माह पहले यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से एडीशनल डायरेक्टर केके तिवारी के नेतृत्व में असिस्टेंट डायरेक्टर गोवर्धन यदु व वित्त अधिकारी महेस साहू की तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच टीम जांच करने आई थी। जांच टीम यूनिवर्सिटी प्रशासन से मामले में जवाब मांगा था और अपने साथ टेंडर, सामग्री खरीदी आदि से संबंधित दस्तावेज भी जब्त करके ले गई थी तब से माना जा रहा था कि इस मामले में तत्कालिन रजिस्ट्रार पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

# कंडम वाहन में डीजल डलवाने के मामले में शासन ने मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 महीने से मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी कंडम सुमो के नाम पर अपने निजी वाहन में डलवाए जा रहे डीजल पेट्रोल के मामले में शासन स्तर से रिपोर्ट मांगी गई है। सहकारिता विभाग के कमिश्नर ने इस संबंध में संयुक्त कमिश्नर से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

सहकारिता विभाग के डिप्टी कमिश्नर द्वारा जुलाई महीने से कंडम हालत में मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर खड़ी टाटा सुमो वाहन के नाम पर डीजल डलवाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस पेट्रोल पंप पर वे अपनी निजी पेट्रोल गाड़ी टोयोटा रूमियॉन में डीजल के बदले हर हफ्ते पेट्रोल डलवाते रहे। इस दौरान पेट्रोल पंप प्रबंधन द्वारा दी जाने वाली पर्ची में पेट्रोल से बदली हुआ लिखवा लिया जाता था, ताकि हिसाब में किसी तरह की गलतफहमी न रहे। इस मामले की जानकारी होने पर सहकारिता विभाग के कमिश्नर कुलदीप शर्मा ने प्रकरण की पूरी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर संयुक्त कमिश्नर बिलासपुर से मंगाई है।


मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल में कंडम हालत में खड़ा वाहन हर हफ्ते पी रहा है 25 लीटर डीजल

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

- जॉइंट कमिश्नर से मांगी गई रिपोर्ट
- सहकारिता विभाग का मामला

### मांगी गई है रिपोर्ट

कंडम वाहन के नाम पर डीजल-पेट्रोल लेने के मामले में शासन स्तर से रिपोर्ट मांगी गई है। एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी।

- **बसंत कुमार**, संयुक्त कमिश्नर सहकारिता विभाग

## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला



**लोरमी।** नगर के स्थानीय मुंगेली चौक में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राष्ट्रीय के आह्वान पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजना दास के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया एवं राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों की पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई। इस प्रदर्शन में जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजना देवी दास, सावित्री राजपूत, रेखा ठाकुर, अंजू सोनी , नीता साहू, प्रेमा अग्रवाल, पूर्णिमा अहिरवार, अंजनी शर्मा, दुर्गा , राजमती ,जागेश्वरी , गुड्डी , राधा , मनीषा , आरती साहू, ध्रुपद, नीमा बाई, राजिन, लता, धनेश्वरी, अन्य महिला कार्यकर्ताओं सहित नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, महेंद्र खत्री, अशोक जायसवाल, रिक्की सलूजा, घनश्याम यादव, तामेश्वर साहू, घनश्याम खत्री, हरिकिशन खत्री, विजय राजपूत, मोहित यादव, दुर्गेश तिवारी, अभिषेक पाठक, सुरेंद्र साहू, नूरोतम राजपूत, सुमन ढीमर सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बच्चों के दांतों की जांच कर दी गई देखभाल की सलाह



**तखतपुर।** हथनीकला के प्राथमिक मिडिल एवं हाई स्कूल में निशुल्क दंत चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जहां दंत चिकित्सक डॉ कीर्ति हिमेश कारड़ा ने बच्चों के दांतों की परीक्षण किया। डॉ कीर्ती ने कहा कि, दांतों की देखभाल हमें बचपन से करनी चाहिए। दांत दिखने में यद्यपि कठोर दिखता है, परंतु उसकी देखभाल बहुत मुलायम तरीके से करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, हममें से ज्यादातर लोग दांत की देखभाल ठीक तरीके से नहीं करते है, इसी का परिणाम है कि बहुत जल्दी दांत सड़ने लगते हैं या टुटने लगते हैं। उन्होंने दांतों की देखभाल में ब्रश की भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा, हमें ब्रश और टूथपेस्ट के चुनाव में ही भी ध्यान देना चाहिए। शिविर में सीमा राजपूत, योगराज उपाध्याय, दीपक ध्रुव, नमिता सोनी, राजेश यादव, चिंतामणी तिवारी, रानू ठाकुर, गुलशन ठाकुर, कमलेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम जागरूकता के लिए प्रशिक्षण



**मुंगेली।** महिलाओं में होने वाले गर्भाशय कैंसर की रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विकासखंड लोरमी, पथरिया एवं मुंगेली के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भाशय कैंसर के कारण, लक्षण, जांच प्रक्रिया और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्भाशय कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसे प्रारंभिक अवस्था में नियमित जांच के माध्यम से पहचाना जा सकता है। मास्टर ट्रेनर डॉ शीला साहा ने प्रशिक्षण में महिलाओं को नियमित स्क्रीनिंग और टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, ताकि इस बीमारी से होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। डॉ मनीष बंजारा ने एनसीडी एप्प के संबंध में एन्ट्री सहित अन्य जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रें में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत स्क्रीनिंग एवं एनक्यूएएस की आगामी तैयारियों को लेकर भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता सुधार एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### मजदूर संघ ने सौंपा पीएम सीएम के नाम ज्ञापन



**मुंगेली।** भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में पारित पांच सूत्रीय प्रस्ताव को लेकर आज राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आह्वान किया था। जिसमें देश के सभी जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाना तय किया गया था। भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई मुंगेली ने दोपहर 3 बजे जिला मंत्री रविकांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में जिले में निवासरत भारतीय मजदूर संघ के समस्त जिला ईकाई के पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्यों के अलावा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध यूनियन छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ, आंगनबाड़ी, रसोईया संघ, विपणन के पदाधिकारी सदस्य शामिल हुए। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुंगेली जिलाध्यक्ष राजेश पूरी गोस्वामी, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश सिंग सार, कार्यालय मंत्री अजय शर्मा बिजली कर्मचारी संघ से अमजद अली, पुलक सरकार, लव साहू नरेंद्र सिंहा, निलेश सिंह रसोइया संघ के महामंत्री राजेंद्र मंडले, गोवर्धन यादव, शिवकुमारी, बसंती, भारती, फूलवती, यशोदा, संतोषी राजकुमारी सीमा, उमा, अनीता, भगवती नेतराम, रवि मरकाम आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेंडारी, भरनी, चोरभट्ठी बना हॉटस्पॉट

# भरनी में मुरुम का अवैध उत्खनन, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

क्षेत्र के भरनी गांव में इन दिनों मुरूम का अवैध उत्खनन खुलेआम जारी है। हैरानी की बात यह है कि, यह पूरा खेल खनिज विभाग की जानकारी में होने के बावजूद रुकने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों के अनुसार शासकीय भूमि पर दिन दहाड़े पोकलेन मशीन लगाकर मुरूम निकाला जा रहा है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से उसकी ढुलाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि, पिछले कई दिनों से लगातार खुदाई का कार्य चल रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक भारी मशीनों की आवाज गूंजती रहती है, जिससे आसपास के रहवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि, बिना किसी वैध अनुमति के सरकारी जमीन से मुरूम निकाला जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है।

**शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं-** भरनी सीआरपीएफ कैंप के पीछे अवैध मुरूम उत्खनन में पोकलेन और अन्य भारी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। नियमों के अनुसार शासकीय भूमि से किसी भी प्रकार का खनिज उत्खनन बिना अनुमति दंडनीय अपराध है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि, खनिज विभाग कुंभकर्णीय नींद में लीन है। विभागीय अधिकारियों को मौखिक शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**पर्यावरणीय नुकसान-** अवैध उत्खनन के कारण पर्यावरणीय नुकसान की भी आशंका जताई जा रही है। लगातार खुदाई से भूमि का स्वरूप बिगड़ रहा है और बरसात के मौसम में गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। साथ ही, खेतों और आसपास की जमीन की उपजाऊ क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर अवैध उत्खनन पर रोक लगाई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।



### बिगड़ रही ग्राम सड़क योजना की सूरत

मुरूम भरे 12 चक्का हाइवा गाड़िया बेधड़क दिन रात प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बने गांव की सड़कों पर बेधड़क तेज रफ्तार के साथ चल रहे हैं, जबकि शासकीय नियमानुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़कों में सिर्फ 15 टन तक के वाहन परिवहन कर सकते हैं। वर्तमान में इन सड़कों पर चल रही हाइवा गाड़ियों में 35 से 40 टन मुरूम लोड गाड़िया परिवहन कर रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता की किस तरह ग्रामीणों के सुगम आवागमन के लिए बनाए गए सड़कों का भी खनिज माफियाओं द्वारा सत्यानाश किया जा रहा है।



### मनियारी नदी से रेत का अवैध खनन, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**लोरमी।** ग्राम पंचायत घानाघाट के सरपंच एवं ग्रामीणों ने गांव के मुक्तिधाम शेड के आसपास मनियारी नदी से अवैध रेत उत्खनन को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई कर उत्खनन रोकने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि, ग्राम पंचायत घानाघाट में ट्रेक्टर मालिक अवैध रेत उत्खनन कर रहे है, जिसमे समस्त ग्राम वासियों में चिंता व्याप्त है। ज्ञापन में बताया गया कि, मुक्तिधाम शेड में पूरे ग्रामवासियों द्वारा दाह संस्कार किया जाता है। बताया गया कि, ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों के मना करने के बाद भी बलपूर्वक ताला को तोड़कर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिसके कारण मुक्तिधाम शेड को क्षति पहुंचने की संभावना है। साथ ही रेत माफिया ग्रामवासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों धमकी देते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच महंतिन बाई, छेदीलाल जायसवाल, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, गोकुल, दिनेश, राजू पटेल, नरेंद्र, पालेश्वर,विजय कुमार, अशोक पटेल जलेश्वर प्रसाद, राज्यपाल सिंह विजयलक्ष्मी परमेश्वर एवं अन्य शामिल है।

**की जाएगी कार्रवाई**

मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

- अजीत पुजारी, एसडीएम



## बिजली चोरी की जांच में पकड़े गए 31 पर होगी एफआईआर

- बिलासपुर विभाग की विजिलेंस टीम ने की लोरमी क्षेत्र में कार्रवाई

**लोरमी।** विद्युत वितरण केन्द्र बिलासपुर वृत्त की विजिलेंस टीम ने लोरमी क्षेत्र में सघन जांच की। इस दौरान 31 बड़े बकायादारों के साथ बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को पकड़ा गया, जिनकी बिजली कनेक्शन काटने के बाद अब एफआईआर कराने की कार्रवाई की जा रही है।

बिलासपुर वृत्त के विद्युत वितरण केन्द्र के एसी सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में लोरमी में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस जांच में विजिलेंस की टीम के 12 अधिकारी-कर्मचारी सहित तीन कार्यपालन यंत्री, आठ सहायक यंत्री, 9 कनिष्ठ यंत्री, 23 लाइन स्टाफ शामिल थे। विजिलेंस की टीम ने क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान 31 बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को पकड़ा। इसमें बिजली कनेक्शन कटने के बाद भी डायरेक्ट हुकिंग करने वाले, मीटर बायपास, घरेलू से गैर घरेलू उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन बिजली चोरी करने वालों में मुख्य रूप से अंजली बिग बाजार, दिनेश ज्वेलर्स, टेकचंद गुप्ता, अनिल सलूजा, फार्म हाउस, जवाहर लाल साहू, मंगल भवन, अंजली बिग बाजार के सतिन्दर सलूजा, मां दुर्गा क्लाथ के घनश्याम केशरवानी, दिनेश ज्वेलर्स की माधुरी सोनी, शोभा वाटिका, अनिल सलूजा फार्म हाउस, मंगलम भवन धमेन्द्र गिरी गोस्वामी, शैलेन्द्र ठाकुर, रामलोचन साहू, अमर सिंह ध्रुव, दुर्गेश श्रीवास, जवाहर लाल साहू, भगवान सिंह राजपूत, नरेश कुमार राजपूत, अनवर यासिनी, बालेश्वर राठौर, प्रकाश मंगेशकर, कपिल सिंह राजपूत, लल्ला सिंह ठाकुर, सरजू राम यादव, बेदू राजपूत, प्रदीप कुमार यादव, नर्मदा बाई वैष्णव, सतीश अहिरवार, स्व. शैलेन्द्र कुमार जायसवाल, हामिद मोहम्मद, अर्जुन सिंह राजपूत, राधेश्याम राठौर, धनीराम राजपूत, विजय राम राजपूत, फागुराम राजपूत, नरेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं। इस संबंध में विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित के बिलासपुर के एसी सुरेश जांगड़े ने बताया कि पूरे रीजन में जांच और कार्रवाई की जा रही है।

## नई मतदाता सूची का प्रकाशन

**मरवाही।** निर्वाचन आयोग के विशेष गहन परीक्षण के पश्चात 21 जनवरी शनिवार को मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों पर कर दिया गया। तहसील कार्यालय मरवाही की ओर से सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स को मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गई है। मुख्य नपा अधिकारी मरवाही की उपस्थिति में नपं मरवाही की मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। सभी मतदाता अपने-अपने बूथ में जाकर बीएलओ से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 10 में 70, मतदान केंद्र क्रमांक 16 में 93, मतदान केंद्र क्रमांक 17 में 130, मतदान केंद्र क्रमांक 18 में 111, मतदान केंद्र क्रमांक 36 में 113, मतदान केंद्र क्रमांक 37 में 59, मतदान केंद्र क्रमांक 38 में 64, मतदान केंद्र क्रमांक 39 में 71 मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से काटे गए हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत मरवाही में सती यादव मुख्य नगर पालिका अधिकारी, बूथ लेबल आफिसर रियाज अंसारी, प्रीति जायसवाल, नलिनी राय, हेमवती शर्मा, वृंदा जाटवर, नामदेव मैडम, कमाल खान, सुनील प्रजापति, गुड्डा यादव एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रशासन की सतर्कता से रोका गया नाबालिग का विवाह



**पेंड्रा।** जिले में बाल-विवाह पर रोक लगाने की दिशा में प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए गौरैला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सल्हेघोरी में प्रस्तावित एक नाबालिग का विवाह रोकने में सफलता प्राप्त की। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचना मिली कि, बैगा समाज के एक नाबालिग लडके का बाल-विवाह प्रारंभ होने जा रहा है, जिसकी जानकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को दी गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अमित सिन्हा के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी बीरेंद्र कुर्रे ने तत्काल एक संयुक्त टीम गठित की। टीम में संबंधित सेक्टर सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, स्थानीय पुलिस, ग्राम सचिव, उपसरपंच एवं पंच शामिल रहे। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और संबंधित बालक के उम्र संबंधी दस्तावेज की जांच की गई, जिसमें बालक की उम्र 20 वर्ष 5 माह 8 दिन पाई गई, जो कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार निर्धारित आयु 21 वर्ष से कम है। इसके बाद टीम ने बालक के माता-पिता एवं परिजनों को समझाइश दी तथा बाल-विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत लागू कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। प्रशासन की समझाइश के बाद परिवार ने बाल-विवाह नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया। घोषणा पत्र में हस्ताक्षर कराकर प्रस्तावित बाल विवाह पर तत्काल रोक लगा दी गई।

## गुरु दर्शन मेले में शामिल हुए अटल



**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव गिरोधपुरी में आयोजित गुरु घासीदास गुरु दर्शन मेला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायकों के साथ शामिल हुए। श्री श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मेले में पहुंचे। इस अवसर पर आयोजन समिति ने सभी का सम्मान किया।

## युवाओं, किसानों व जनप्रतिनिधियों ने दी बजट पर प्रतिक्रिया

### बजट में सभी वर्गों का रखा गया ध्यान



**मल्हार।** मंगलवार को विधानसभा में पेश किए गए बजट को लेकर युवाओं, किसानों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 का बजट प्रदेश की जनता की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतिबिंब है। वहीं मल्हार भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि, सरकार ने सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी दृष्टिकोण अपनाते हुए किसान, गरीब, मजदूर, युवा, महिला, व्यापारी और कर्मचारियों सभी वर्गों को ध्यान में रखा है। उन्नतशील किसान जदुनंदन वर्मा ने कहा, कृषि क्षेत्र में निवेश, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण विकास के लिए किए गए प्रावधान किसानों की आय वृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष ध्यान देकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उसका ध्येय है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि, यह बजट विश्वास को मजबूत करने वाला, निवेश को प्रोत्साहित करने वाला और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला है।

### संविदा कर्मचारियों में असंतोष जताई निराशा

**मुंगेली।** प्रदेश के बजट में संविदा कर्मचारियों के लिए के लिए कुछ भी नहीं किया गया है, जिसके चलते प्रदेशभर के मनरेगा कर्मी बजट को निराशाजनक बता रहे हैं। मनरेगा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने बताया कि वीबी-जीरामजी के लिए 4 हजार करोड़ की बजट की घोषणा की गई है किन्तु कर्मचारियों की 3 साल से वेतन वृद्धि नहीं हुई है। मनरेगा कर्मचारियों ने बताया कि विगत 3 साल से वेतन वृद्धि नहीं होने के कारण इस बजट में उन्हें वेतन वृद्धि की आशा थी।

### बजट उम्मीदों के विपरीत जमीनी हकीकत से दूरः लहरिया



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनियुक्त उपसचेतक दिलीप लहरिया ने मंगलवार 24 फरवरी को भाजपा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को जनता की उम्मीदों के विपरीत और जमीनी हकीकत से दूर बजट करार बताया। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार का यह बजट छत्तीसगढ़ के किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों और गरीब वर्ग के साथ न्याय करने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास के बजाय केवल औपचारिक घोषणाओं तक सीमित नजर आता है।

### बजट निराश करने वालाः सियाराम



**बिल्हा।** मंगलवार को प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश किया, जिस पर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने अपनी प्रतक्रिया व्यक्त की। श्री कैशिक ने बजट को निराशजनक बताते हुए कहा कि, बजट में गरीब, मजदूर, बेरोजगार, मध्य वर्ग, किसान, व गांवों की मूलभूत सुविधाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है।



**जन अपेक्षाओं के विपरीतः गीतांजलि** बिल्हा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने कहा, बजट में जो घोषणा की गई है, उसमें आमजनों की उपेक्षा की गई है। साथ ही महंगाई एवं बेरोजगारी नियंत्रण के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

### प्रदेश को नई ऊर्जा और गति देगा बजटः आकर्ष



**भर्रीडांड़।** मंगलवार को प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश किया, जिसको लेकर प्रतक्रियाओं का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में भाजपा युवा नेता आकर्ष प्रताप सिंह ने कहा कि, बजट विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में विजन डॉक्यूमेंट है। बजट सर्वसमावेशी, संतुलित और दूरदर्शी विकास की आधारशिला रखने वाला है। बजट प्रदेश को नई ऊर्जा और गति देगा। बजट में घोषित पांच मुख्यमंत्री मिशन एआई मिशन, खेल उत्कर्ष मिशन, पर्यटन विकास मिशन, अधोसंरचना मिशन और स्टार्टअप, निपुण मिशन को युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और निवेश के नए अवसर सृजित होगा।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




वेकैंसी

## आरबीआई असिस्टेंट के 650 पदों पर आवेदन शुरू

**बिलासपुर।** सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं पास बड़ा मौका है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिय की ओर से असिस्टेंट के 650 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। इस वैकेंसी के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 फरवरी से स्टार्ट कर दी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 8 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन उत्तीर्ण किया हो। कंप्यूटर पर काम करने की नॉलेज होनी चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 28 साल से ज्यादा न हो अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 2 फरवरी 1998 से पहले और 1 फरवरी 2006 के बाद न हुआ हो।




**इन पदों पर भर्ती**

आवेदन करने के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को 450 रुपए शुल्क जमा करना होगा। एससी, एसटी एवं पीएच वर्ग के लिए फीस केवल 50 रुपए निर्धारित है। इस भर्ती के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में कुल 650 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से जनरल के लिए 346, ईडब्ल्यूएस के लिए 58, ओबीसी के लिए 99, एससी के लिए 110 और एसटी के लिए 37 पद आरक्षित हैं।

सम्मेलन

## भारत की एकता, अखंडता के लिए प्रतिदिन दें एक घंटा



**बिलासपुर।** कुम्हारपारा प्राथमिक शाला में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व गुरु की ओर अग्रसर भारत की एकता और अखंडता के लिए यदि हम सभी प्रतिदिन एक घंटा भी समय देंगे तो देश की बुनियाद को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। हिंदू सम्मेलन समिति संत रविदास नगर बस्ती द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला सह बौद्धिक प्रमुख सुनील चौहान, वार्ड शक्ति केंद्र प्रभारी जगदीश जज्ञासी , सुदर्शन समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार समुंद्रे एवं भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य अंजना देवांगन ने अपने उद्बोधन में देश को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए हिंदू समाज की विशेषताओं का उल्लेख किया। इस मौके पर शंकर, गिरीश देवांगन, बबलू पमनानी, राजू कश्यप, शोभराज कोटवानी, राजकुमार कश्यप, मोहनलाल चंदवानी, संपत अहिरवार, जगदीश प्रितवानी, विष्णु देवांगन, सुरेश वलेचा, मुरलीधर कृपलानी, कैलाश श्यामनानी, ठाकुरदास असवानी, सरिता देवांगन, देवजानी पाण्डेय, शशि तंबोली, कौशल्या देवांगन, इंद्रा गंगापुरवार, शशि देवांगन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

## बांगला भाषा संस्कृति की संवाहक बनी छत्तीसगढ़ बांगला अकादमी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बांगला अकादमी द्वारा टिकरापारा स्थित बंग भवन में अपनी 238 वां मासिक साहित्य सभा के साथ अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थागत गीत आभार भाषा तोमार भाषा से हुई। अध्यक्ष नमिता घोष ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां, मातृभूमि और मातृभाषा- ये तीनों हमारे जीवन में सबसे अधिक सम्मानित होते हैं। मुख्य वक्ता डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी, डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक एवं अजय कुमार गांगुली द्वारा विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मातृभाषा बांगला को कैसे मान्यता प्राप्त हुई, उक्त भाषा के सम्मान एवं उसके संरक्षण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि पल्लव धर ने शुभकामनाएं व्यक्त की गई। संगठन के सक्रिय सदस्य स्व अमित चक्रवर्ती के आकस्मिक निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किये गए। एकल संगीत शुभ्रांशु शेखर घोष, अचिन्त्य कुमार बोस, दुलाल मंडल, स्वागता चौधरी, महुआ नंदी ने अपने सुमधुर गीतों के साथ दिए। कविता पाठ रुपा राहा एवं आयुष प्रामाणिक द्वारा किया गया।

आयोजन

## निरोगी काया के लिए करें व्यायाम रहें संयम से : डॉ. गरिमा



**बिलासपुर।** श्री चन्द्रपुरिया कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महिला मण्डल ने सामाजिक भवन करबला रोड में डॉ कुश श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इसमें कई महिलाओं ने बीपी, शुगर की जांच कराई। डॉ गरिमा तिवारी ने कहा कि निरोगी काया के लिए संयम से रहना जरूरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज की अध्यक्ष मधु गुप्ता, सचिव वीणा गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्या गुप्ता ने किया। डॉ गरिमा तिवारी ने महिलाओं की इंटरनल समस्या जैसे बच्चादानी में कैंसर और मोनोपॉज से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी एवं उसके निदान के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर और निरोगी काया जीवन का सबसे बड़ा धन है। सभी को आयाम, व्यायाम और संयम से रहना चाहिए। लायनेस क्लब की अध्यक्ष आरती साहू, सहित उनके सभी पदाधिकारी एवं लिनेस क्लब की अध्यक्ष नागमणी राव इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम की संयोजक सुधा साव थीं। कार्यक्रम की होस्ट सरोज, सावित्री, पूर्णिमा सुनील गुप्ता, स्नेहा, रुपाली, उमा देवी, मंजू रवि गुप्ता थीं।

# खाटू श्याम फागुन उत्सव पर निकली निशान यात्रा

**खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में 26वां फाल्गुन उत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। उत्सव के पहले दिन बाजे-गाजे के साथ एक भव्य निशान यात्रा मध्यनगरी चौक स्थित राधाकृष्ण मंदिर से निकाली गई। यह यात्रा मारवाड़ी लाईन, गोल बाजार, तेलीपारा बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, सत्यम टॉकीज होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजकों ने बताया कि फाल्गुन उत्सव पर इस बार दिल्ली से भगवान श्याम का श्रृगांर करने फूल मंगाए गए हैं। उत्सव के दूसरे दिन गुरुवार 26 फरवरी को खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में श्याम पाठ किया जाएगा जो शाम 7 बजे तक चलेगा।

इस दौरान विभिन्न समूहों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। श्याम पाठ में भी शामिल होंगे। शुक्रवार 27 फरवरी को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी। प्रख्यात भजन गायिका नई दिल्ली पूनम शर्मा, भजन गायक प्रवीण चौधरी बिहार कटिहार, अंजनी अग्रवाल रायपुर एवं रोहित बिलासपुर भजन प्रस्तुत करेगें। भजन समापन के पश्चात श्याम बाबा की आरती कर 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। शनिवार 28 फरवरी को सुबह 10 बजे मसानगंज मंदिर परिसर में समापनी प्रसाद का चढ़ावा शुरू किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं द्वारा भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा।



**इनका मिल रहा सहयोग**

कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशनी अग्रवाल, सावित्री जाजोदिया, शारदा सिंघल, रिया भण्डारी, सीना अग्रवाल, राकेश प्रजापति, अनिल लच्छूका, शरद अग्रवाल, संतोष वर्मा, मांडला बाबू, राजू सोनी, बड़का भाई, गोगी चाट वाला, आशीष भण्डारी का सहयोग मिल रहा है।

**आज होगा श्याम पाठ**

दिल्ली से मंगाए फूलों से हो रहा भगवान का श्रृंगार





# मारवाड़ी महिलाओं ने जमकर खेली राधा कृष्ण संग लठमार व फूलों की होली



**जीण वाटिका विद्यानगर में आयोजन**



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बिलासपुर शाखा की सदस्यों ने फागुन महीने में राधा-कृष्ण संग लठमार एवं फूलों की होली खेली। जीण वाटिका विद्यानगर में आयोजित इस कार्यक्रम में 65 से अधिक सदस्यों ने भाग लेकर जमकर एंजॉय।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निकिता संजय अग्रवाल थीं। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्ष उमा छापरिया ने सभी को रंगों की होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी एवं सबको मिल जुल कर रहने का संदेश भी दिया। बिलासपुर शाखा की अध्यक्ष मधु बगड़िया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं होली की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव सीमा गुप्ता, रंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा सिंघानिया, तान्या जाजोदिया, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सुनीता विश्वनाथ सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### लकी गेम का लिया आनंद

कार्यक्रम में लकी गेम खिलाया गया। इसका सभी ने आनंद लिया। लकी ड्रा के माध्यम से सीमा गुप्ता को मूर्खाधिराज बनाया गया। राधा कृष्ण की वेश में आई तान्या जाजोदिया एवं रूपल निशानिया ने सभी के साथ मिलकर लठमार एवं फूलों की होली खेली।

# 2 मार्च की मध्य रात्रि को होलिका दहन करना शुभ, 4 को रंगोत्सव

रंगो का पर्व होली में इस बार चंद्रग्रहण 3 मार्च को होने से रंगोत्सव पर ग्रहण लग गया है,वर्षो बाद ऐसा संयोग पड़ रहा कि होली को तीन दिवस तक मनाया जाएगा। दरअसल चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि को होली मनाने की परंपरा रही है, वैसे में उदय तिथि के अनुसार इस वर्ष होली 4 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी। जिस दिन होलिका दहन होती है उसके अगले दिन होली मनाई जाती है, लेकिन इस साल होलिका दहन के बाद एक दिन छोड़ कर रंगोत्सव मनाया जाएगा।

**वर्षों बाद ऐसा हो रहा, चंद्रग्रहण पड़ने से होलिका दहन के दूसरे दिन नहीं मनेगी होली**



**बिलासपुर।** वैदिक पंचांग के अनुसार, 2 मार्च सोमवार की मध्य रात्रि में होलिक दहन की पूजा की जाएगी और 4 मार्च बुधवार को होली मनाई जाएगी। पंडित सतीश शर्मा ने बताया कि होलिका दहन भद्रा पुच्छ काल में होलिका दहन श्रेष्ठ माना गया है। ऐसे में 2 मार्च को रात 1.26 से 2.38 बजे के बीच होलिका दहन करना शुभ रहेगा। इस दिन 'नवपंचम योग, लक्ष्मीनारायण योग और पंचग्रही योग बन रहे हैं, जो सुख-समृद्धि के संकेत हैं। पंचांग के अनुसार 2 फरवरी को पूर्णिमा तिथि सायं 5:18 बजे से प्रारंभ हो जाएगी तथा इसी समय भद्रा भी आरंभ हो जाएगी, जो रात में 4:46 बजे तक व्याप्त रहेगी। 3 मार्च को खग्रास चंद्रग्रहण लग रहा है, चंद्रग्रहण का स्पर्श शाम 6 बजे हो रहा है, वहीं मोक्ष 6.48 बजे होगा। फाल्गुनी नक्षत्र के सिंह राशि में खग्रास चंद्रग्रहण लगेगा। स्पर्श व मोक्ष के समय चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, केवल मध्य में दिखाई देगा। 4 मार्च को उदया व्यापनी प्रतिपदा होने के कारण होली बुधवार को ही मनाई जाएगी।

### तीन दिवसीय रहेगा पर्व

2 मार्च की मध्य रात्रि को होलिका दहन से होली उत्सव शुरू हो जाएगा। 3 मार्च चंद्रग्रहण रात्रि 7 बजे समाप्त होने के बाद होली का उत्सव फिर प्रारंभ हो जाएगा। देर रात्रि से फाग व अन्य कार्यक्रम किय जाएंगे। इसके पश्चात 4 मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया जाएगा।

## हस्तशिल्प, परिधान व सजावटी सामग्री मेला आज से

**बिलासपुर।** शहर के त्रिवेणी भवन में आयोजित होने जा रहे भव्य शिल्प व फन मेले की तैयारीया चल रही हैं। महिला उद्यमी संघ के तत्वावधान में 26 से 1 मार्च तक आयोजित यह मेला में दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय महिला उद्यमियों को मंच प्रदान करना और उनके उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना है। मेले में हस्तशिल्प, परिधान, घरेलू उत्पाद, सजावटी सामग्री सहित विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए झूले, गेम्स और फन जोन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। खरीदी व मनोरंजन एक साथ" की थीम पर आधारित यह आयोजन शहरवासियों के लिए खास अनुभव लेकर आएगा।

**महिला उद्यमी को मिलेगा मंच**



## गीता पाठ, तुलसी वर्षा के साथ भागवत कथा का समापन

**बिलासपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर की सेविका के प्रथम वैकुंठ उत्सव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर सुबह गीता पाठ, तुलसी वर्षा के साथ पूर्णाहुति की गई। कपिला तर्पण, सहस्त्र धारा के साथ भण्डारा कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गौसेवक परिवार व शीतला माता मंदिर का सहयोग रहा।



# इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिक खेल महोत्सव में छात्रों को दिया गया इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**स्पोर्टस न्यूज**

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी तक को वार्षिक खेल महोत्सव प्रवाह का आयोजन किया गया। विभिन्न खेलकूद गतिविधियों जैसे क्रिकेट, फूटबाल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, कैरम आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी तकनीकी एवं खेलकूद गतिविधियाँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई है। छात्र छात्राओं ने इस पूरे कार्यक्रम के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में खेलकूद प्रभारी प्रो नवीन वर्मा के साथ प्राचार्य डॉ एस के सिंघई सहित संस्था के समस्त प्राध्यापक गण, अधिकारी एवं कर्मचारी गण तथा छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। विजयी छात्र-छात्राओं को मैडल एवं शील्ड प्रदान किया गया जबकि प्रमाण पत्र को आयोजित वार्षिकोत्सव के दौरान प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही संस्था में तकनीकी एवं सांस्कृतिक त्यौहार कौशलम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे विभिन्न तकनीकी, बौद्धिक, फन इवेंट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल रहेगी।





## खबर संक्षेप

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



लोरमी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए ग्राम डिंडोरी में एकल ग्राम उत्थान की ओर से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भाग प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्देश्य प्रशिक्षण गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम चैतराम मरावी की सेवानिवृत्ति सीएसईबी, अनिल, ग्राम प्रमुख राजकुमार यादव, हिमांशु मेहरा प्रोजेक्ट हेड दिल्ली, रोहित ,जगदीश, श्याम करसायल, लक्ष्मण पाठक, सत्यभामा साहू ,चंदन साहू, राजकुमार यादव, रामायण साहू, मोहन यादव, सावन मार्को, करण मरावी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### 10 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

लोरमी। आबकारी विभाग 10 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी



रविशंकर साय के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की ओर से लगातार अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोदवा महंत आरोपी सुरेश जयसवाल के मकान में दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 10 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के ऊपर आबकारी अधि के धारा 34(1)(क) 34(2) एवम 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## निधन

### प्रताप राय छुगानी



बिलासपुर। जगमल चोक निवासी प्रताप राय छुगानी का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 26 फरवरी को सुबह 11:30 बजे उनके निज निवास स्थान मधुबन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुनील, दीपक के पिता थे।

### वनिता पाठक



बिलासपुर। श्रीमती वनिता पाठक का 72 वर्ष की आयु में 25 फरवरी को निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 26 फरवरी को सुबह 9 बजे उनके निज निवास शान्ति नगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विजय राव पाठक की पत्नी एवं आशीष पाठक (आशु) की माता व प्रणय पाठक की दादी थीं।

### सुशीला तिवारी



बिलासपुर। जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम बनारी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक स्वर्गीय देव खिलावन तिवारी की धर्मपत्नी दीपक तिवारी की माता श्रीमती सुशीला तिवारी का बुधवार 25 फरवरी को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बनारी के मुक्तिधाम में किया गया।

### ज्ञानेश्वर राव कामले



बिलासपुर। चिंगराजपारा के अमरैया चौक निवासी ज्ञानेश्वर राव कामले (ज्ञानू दादा) का 24 फरवरी मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रामेश्वर राव कामले के भाई व मोहित कामले के पिता थे।

### घनश्याम भाई सोनछात्रा



बिलासपुर। सोनछात्रा कंपाउंड पीजीबीटी कालेज शिव टाकिज रोड निवासी घनश्याम भाई सोनछात्रा का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 26 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे निवास स्थान से मधुबन दयालबंद के लिए निकलेगी। वे कृणाल भाई सोनछात्रा के पिता एवं नटवर भाई, नंदकिशोर भाई, जितेन्द्र भाई सोनछात्रा के भाई थे।

---

#### अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालों से गरमाया माहौल

# गहमा गहमी और आरोप-प्रत्यारोप के बीच हुई जनपद की सामान्य सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



तखतपुर जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक इस बार औपचारिकता से ज्यादा आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बहस के लिए याद की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने की, लेकिन माहौल तब गरमाया जब जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि, जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की बात अधिकारी नहीं सुन रहे हैं, तो आम जनता का काम कैसे होगा। राजपत्र का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि, सचिवों का तबादला जनपद पंचायत के प्रस्ताव से होना चाहिए, लेकिन यहां अधिकारी अपनी मनमानी चला रहे हैं।

परसदा के सचिव पर जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठाने का आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण का प्रस्ताव रख दिया गया। बैठक में यह मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठा कि एक-एक पंचायत सचिव के पास कई पंचायतों का प्रभार है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सदस्यों की मांग पर 15वें वित्त की राशि के उपयोग की जांच करने की मांग की गई।

### सदस्यों ने लगाए गंभीर आरोप

बैठक में जनपद सदस्य अरुण चौहान एवं ऋषभ कश्यप ने खाद्य विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। सदस्यों ने कहा कि, एक ही समूह को तीन से चार राशन दुकानों का संचालन दे दिया गया है, जबकि वास्तव में संचालन व्यक्ति विशेष कर रहा है। यहां तक आरोप लगा कि 50 हजार रुपए लेकर राशन दुकानें बांटी गईं। राशन दुकानों के समय पर नहीं खुलने और वितरण में गड़बड़ी की शिकायत भी की गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत खरीदे गए कचरा रिक्शों की खरीदी और वितरण पर भी सवाल खड़े हुए। यह भी आरोप लगाया गया कि, लखपति दीदियों को रिक्शा देने की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी गई। कुछ मामलों में हितग्राहियों द्वारा रिक्शा बेच देने या किराए पर चला देने की बात सामने आई, जिस पर जांच की मांग की गई। पंचायतों में सफाई व्यवस्था चरमराने का भी मुद्दा उठा।

### समस्याओं से कराया अवगत

बोड़सरा में पानी की समस्या इतनी गंभीर बताई गई कि, ग्रामीणों को एनएच सड़क पार कर पानी लाना पड़ रहा है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी कई सवाल उठे। जरौंधा में गौरव पथ निर्माण को गुणवत्ताहीन बताया गया। लीदरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बेसमेंट निर्माण को लेकर आरोप लगा कि, उसकी ऊंचाई इतनी कम है कि, व्यक्ति ठीक से चल भी नहीं सकता। अमसेना में महतारी सदन का कार्य अधूरा होने और बरगन में आंगनबाड़ी भवन बस्ती से दूर बनाने का मामला भी उठा।शिक्षा विभाग में बायोमीट्रिक प्रणाली अब तक लागू नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। जरूरतमंदों को प्राथमिकता से आवास देने की मांग की गई, जबकि 8 महीने से लंबित पेंशन आवेदनों पर भी सवाल उठे। वन विभाग द्वारा दूसरे क्षेत्र के लोगों को तखतपुर क्षेत्र मं बिसाने पर आपत्ति दर्ज की गई।

### मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी पर बहस

छतौना में जेसीबी मशीन से मनरेगा का काम कराने की शिकायत की गई। जूनापारा में अधूरे कार्यों और करनकापा के 12 आवास हितग्राहियों को मजदूरी भुगतान न होने का मुद्दा भी सामने आया। इसी दौरान जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप और सीईओ सत्यव्रत तिवारी के बीच तीखी बहस हो गई। सीईओ द्वारा तरीके से बात करो कहे जाने पर बैठक का माहौल तनावपूर्ण हो गया। खरकेना क्षेत्र के डीघोरा में स्थित फील स्पात संयंत्र से फैल रहे प्रदूषण पर भी गंभीर चिंता जताई गई। ग्रामीणों ने धूल, भारी वाहनों की आवाजाही और बीमारियों की शिकायत उठाई। दर्री की खदानों से उड़ती धूल और अनुमति से अलग स्थान पर खनन किए जाने का आरोप भी लगाया गया।

### अधिकारियों पर व्यक्त की गई नाराजगी

बैठक में अधिकारियों के बीच में उठकर जाने को जनप्रतिनिधियों ने अपना अपमान बताया और मांग की कि अधिकारी पूरी बैठक में उपस्थित रहे। खनिज विभाग की सभापति गीता यादव ने एक साल से समिति की बैठक नहीं होने पर नाराजगी जताई और कलेक्टर से मिलकर इस मुद्दे को उठाने की बात कही। यहां तक कहा गया कि यदि बैठक नहीं होती तो समिति भंग करने की मांग की जाएगी।

---

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संपन्न हुए सांस्कृतिक, खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी, रेड क्रॉस एवं विभिन्न गतिविधियों का पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय के स्मार्ट कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य महोदय ने छात्र-छात्राओं से कहा, आप जो पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं, वह आने वाले भावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। सभी आपको प्राप्त पुरस्कारों देख कर उत्साहित होंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधि, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना में अपनी सक्रिय सहभागिता देने वाले छात्र-छात्राओं, एनसीसी में राष्ट्रीय कैंप जाने वाले छात्र-छात्राओं, सीनियर अंडर ऑफिसर, जूनियर अंडर ऑफिसर एवं यूथ रेड क्रॉस के सक्रिय छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंदु कौशल एवं आभार प्रदर्शन डॉ डीपी चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ मीना शर्मा, डॉ सीमा नाथ, डॉ एस के पांडे, डॉ राजीव शर्मा, डॉ ससमिता बरगाह, डॉ झमीरा गुप्ता, डॉ नावेद सिद्दीकी, डॉ स्वाति पांडे, ज्योति गोस्वामी, शिवकुमार साहू, अंजित नेम, अंकुर शुक्ला, प्राची गुप्ता, जसमीत कौर, हिरदेश कौशिक, संजय देवांगन, दुर्गा गुप्ता, छात्र सागर, राज, राहुल, गीतेश, ओमप्रकाश, अविनाश, खगेश, एकलव्य, जितेंद्र, अरजीत, जय, श्रीयंक, विद्यासागर, उत्कर्ष गुप्ता, नारायण मरावी, दीपक साहू, आनंद साहू, विक्रम कुमार, भानु सिंह, प्रभु लाल, दीपांशु, पोषण, रितेश, सूर्यकुमार, रितिक, सत्यपाल, मेरी रूपेश, नितिन, नवीन, भारती, निशिका, पायल केसरवानी, महिमा, सेजल उपाध्याय, श्रेया पांडे, संतोष साहू उपस्थित रहे।

---

# आत्मानंद स्कूल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

मुंगेली। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी, विज्ञान मॉडल, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस दाऊपारा के आर्यन व समीर बंजारा ने प्रथम, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लगरा के उमेश व विजय ने द्वितीय और महाराणा प्रताप स्कूल झाफल के चंद्रभान व तुषार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल में वैदेही, श्रद्धा और प्रवीण क्रमशः प्रथम,



विज्ञान दिवस के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक।

द्वितीय व तृतीय रहे, जबकि रंगोली में वर्षा प्रथम, रिचा द्वितीय व लक्ष्मीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में सुधांशु, पूर्वी व प्राची ने शीर्ष स्थान हासिल किए। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक व प्राचार्य अशोक कुमार राजपूत ने दैनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता और नई तकनीकों की जानकारी पर प्रकाश डाला। मुख्य अभ्यागत डॉ जेपी मिश्र विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ एनके पुरले ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के वर्तमान महत्व से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने आयोजक एवं सभी कार्यक्रम सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, ऐसा कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा निखारने एवं परखने का अच्छा अवसर होता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्याख्याता शंकर सिंह राजपूत, व्याख्याता अरूनाभ मिश्रा, बीरबल सोनकर, अजय राठौर रूपा चंद्राकर, ओंकार सिंह राजपूत, रंजीता केंवट, पंकज मिश्रा, वंदिता गुप्ता आदि शामिल रहे।

---

# एकलव्य आदर्श स्कूल में सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन

मुंगेली। पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के प्रांगण में पीएमश्री योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ लोरमी मनीषा पाटले और विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में उपस्थित एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण।

कक्षा 6 और 8 की छात्राओं ने पारंपरिक सुवा नृत्य तथा कक्षा 7 के छात्रों ने कर्मा नृत्य की अत्यंत ऊर्जावान प्रस्तुति देकर प्रकृति प्रेम और लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने गुजरात के गरबा नृत्य के माध्यम से मंच पर उत्सव का उल्लास बिखेरा। इसके साथ ही कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत सुमधुर कजरी गीत ने सावन की फुहारों का एहसास कराते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण क्षण कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत ऐतिहासिक नाटक पन्नाधाय का बलिदान रहा। इस प्रस्तुति ने स्वामीभक्ति और राष्ट्रप्रेम की अद्वितीय मिसाल पेश कर दर्शकों के हृदय में गहरी छाप छोड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा तैयार पेंटिंग्स का मुख्य अतिथि और अभिभावकों ने सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

---

# अवगुणों का त्याग कर दिव्य गुणों को करें धारण



पेंड्रा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पेंड्रा सेवा केंद्र में शिव जयंती का कार्यक्रम श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राकेश जलान, पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल सिंह, विश्व हिंदू परिषद की उपाध्यक्ष सरोज पावर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बिलासपुर सेवा केंद्र की संचालिका बीके कांता दीदी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं शिव ध्वजा आरोहण के साथ हुई। बीके कांता दीदी ने राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कराते हुए निराकार परमपिता परमात्मा शिव के स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, परमात्मा हम सभी आत्माओं के पिता हैं, और हमें अपने अवगुणों का त्याग कर दिव्य गुणों को धारण करना चाहिए। नगर अध्यक्ष राकेश जलान ने कहा कि, जो ज्ञान हम दूसरों को देते हैं, उसे पहले स्वयं के जीवन में उतारना आवश्यक है। सच्ची शिवरात्रि तभी है, जब हम अपने अवगुणों को शिव पर अर्पित कर सद्गुणों को अपनाएं। पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल सिंह ने संस्था को एक अंतरराष्ट्रीय संगठन बताते हुए कहा कि, यह समाज में शांति और नैतिक मूल्यों की स्थापना का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सरोज पावर ने अपने कहा कि, सेवा केंद्र का वातावरण अत्यंत दिव्य और अलौकिक है, जहां आकर उन्हें विशेष शांति की अनुभूति हुई। कार्यक्रम का संचालन बीके विनोद भाई ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पेंड्रा सेवा केंद्र की संचालिका बीके सुनीता बहन ने किया। कार्यक्रम में बिलासपुर एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले से बड़ी संख्या में माताएं, भाई और बहनें की उपस्थि रहीं।

### स्वास्थ्य मिशन की संविदा भर्ती निरस्त

मुंगेली। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 21 विभिन्न पदों पर कुल 84 रिक्तियों के लिए हाल ही में शुरू की गई संविदा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए 5 फरवरी को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी निर्धारित की गई थी। इसके बाद 20 फरवरी को सेक्रेटियल असिस्टेंट के पदों की संख्या बढ़ाने हेतु शुद्धिपत्र भी जारी किया गया था। आवेदन की भारी संख्या और पात्रता, अपात्रता तथा कौशल परीक्षा सहित पूरी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय चयन समिति ने वर्तमान भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर आनलाइन आवेदन मंगाने का निर्णय लिया गया है। इसके स्थान पर आगामी भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा, ताकि भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और त्वरित हो सके। नई भर्ती प्रक्रिया की सूचना की जानकारी जिला और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर दी जाएगी।

---

# अव्यवस्थाओं के बीच संचालित हो रहा निरतू का स्कूल

खमरिया। बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड के वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत निरतु की शासकीय माध्यमिक शाला में बोर खराब होने के कारण पिछले डेढ़ माह से पानी की समस्या बनी हुई है। डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी स्कूल प्रबंधन की ओर से इस समस्या के समाधान हेतु कोई पहल नहीं की गई है। उनका कहना है कि, ग्राम पंचायत के द्वारा इसे बनाना है। शासन के सख्त निर्देशों के बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिसके कारण बच्चों को पानी के लिए भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में एक बोर है, जिससे पानी बहुत देरी से निकलता है। स्कूल में बच्चों को भोजन दिया जाता है, पीने के लिए पानी बाहर से लाना पड़ता है। शौचालय जर्जर, पसरी गंदगी- स्कूल के शौचालय की स्थिति काफी खराब है। शौचालय में भारी गंदगी भरी फैली है एवं बदबू के कारण लोगों का जीना मुहाल है। स्थिति इतनी भयावह है कि, शौचालय सामने में खड़े होने का मतलब बीमारी को आमंत्रित करना है।







### नहीं मिल रहा मिस्त्री

उक्त अव्यवस्थाओं को लेकर शासकीय पूमा शाला के प्रधानाचार्य लक्ष्मी सिंह ठाकुर बताया कि, कोई बनाने वाला मिस्त्री नहीं मिल पा रहा है, हम लोग मोटर लाकर रखे हुए हैं। बताया गया कि, 9 फरवरी को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में लिखित में जानकारी दी गई थी, लेकिन मस्तूरी बीईओ ने भी इस को ध्यान नहीं दिया। सरपंच कृष्णा मूरली मनोहर बिन्द ने बताया कि, मेरे द्वारा स्कूल में सामान उपलब्ध कराया गया है, बनवाने की जवाबदारी स्कूल प्रबंधन की है। इस संबंध में एक सप्ताह पूर्व प्रधानाचार्य से संपर्क करने पर 2 दिन के अंदर बनवाने की बात कही गई थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं बन पाया।

---

**शपथ पत्र**

मैं रजनीश कुमार गौतम उम्र 43 वर्ष, पिता श्री बाबूराम निवासी - वसंत विहार, लिंगियाडीह बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि - (1) यह कि उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है । (2) यह कि मैंने सत्र 2004 में एमबीए का अध्ययन गुरूकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से किया एवं उत्तीर्ण हुआ, जिसकी उपाधी मुझे विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रदान की गई थी, जो मेरे पास मौजूद थी, जो मुझसे घर में कहीं रख रखाव में गुम हो गया, जिसे मेरे द्वारा स्तर पर काफी खोज बीन गई, परंतु व मुझे नहीं मिली और मिलने की संभावना भी नहीं है।(3) यह कि उक्त उपाधि का दुरूपयोग मेरे द्वारा नहीं किया गया है । (4) यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है, किसी भी जानकारी में कोई असत्यता पायी जाती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी । यह शपथ पत्रा उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्रा आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

**शपथ कर्ता**
**रजनीश कुमार गौतम**
**वसंत विहार, लिंगियाडीह बिलासपुर**

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक//तह./वा./20 बिलासपुर, दिनांक 12/2/2026
रा.प्र.क्रं/ब-121/2025-26
ग्राम चाँटीडीह

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम चाँटीडीह प.ह.न. 33 रा.नि. मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रामफल साहू पिता/पति श्री कामता साहू निवासी ग्राम चाँटीडीह के द्वारा जन्म शशी साहू की जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 26/2/26 को 11.00 बजे दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र./ /अ-6-अ/2025-26
पक्षकार :- श्रीमती अचला द्विवेदी पति कुमुद कुमार द्विवेदी.......आवेदिका
बनाम
छ.ग. शासन ......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अचला द्विवेदी पति कुमुद कुमार द्विवेदी निवासी रामदासनगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा नजूल शीट नं. 01 प्लाट नं. 05 का टुकड़ा रकबा 1800 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदिका के व्दारा विक्रेता राजाराम मगर पिता केशवराव मगर से दिनांक 20.11.1991 को क्रय किया था। आनलाईन रिकार्ड मे अभी भी विक्रेता का नाम दर्ज बता रहा है । आवेदित भूमि को आवेदिका के नाम पर आनलाईन रिकार्ड मे दुरूस्ती बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू-राजस्व संहिता प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपति हो तो वे दिनॉक 13/3/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 25/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी.I-11 (अवंतिका), आबंटी श्रीमती रूकमणी मरकाम पति श्री पुरूषोत्म मरकाम, को नामांतरित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 11.04.2025 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत आबंटी द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड करने हेतु दिनांक 31.12.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के फ्री-होल्ड संपरिवर्तन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में फ्री-होल्ड/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बजरंग पिता स्व.उमेंदराम निवासी ग्राम देवरी प.ह.नं.19, रा.नि.मं. जयरामनगर तहसील सीपत जिला-बिलासपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 02.05.2006 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने पिता नाम उमेंदराम पिता.स्व.रेवाराम का मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17/12/2025 को अपना दावा/आपत्ति तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं म्याद वाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 01.12.25 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सीपत**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक /कार्यालय/रा.नि./क्यू./2026 कोनी/दिनांक 05/02/2026
1.आकाश दुबे पिता सुरेश कुमार दुबे 2. रूस्तम वस्त्रकार पिता स्व. लक्ष्मण 3. रमेश तिवारी 4. पाण्डेय जी 5. कसेर जी।

**विषय :** सीमांकन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 10/18 शामिल (11/18, 12/18, 13/18) रकबा क्रमशः 0.0120 हे. के सीमांकन हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 09/03/26 को समय 11.00 बजे से 5.00 बजे बीच किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.... तहसील कोनी**

---

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के अतिरिक्त न्यायाधीश कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

सरोज जायसवाल + 02 अन्य...आवेदिकागण
बनाम
आम जनता + 01 अन्य....अनावेदकगण
प्रोसेस क्रमांक- 75
स.प्र.क्र.-03/2026
पेशी ता.- 24/03/2026

**न्यायालयीन नोटिस प्रकाशन**

इस न्यायालय में लंबित सक्सेशन प्रकरण कमांक 03/2026 पक्षकार सरोज जायसवाल + 02 अन्य विरूद्ध आम जनता + 01 में आवेदिकागण के द्वारा इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत स्व. मोतीचंद जायसवाल पिता स्व. कपिलनाथ जायसवाल निवासी बडी बाजार रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) जिनकी मृत्यु दिनांक 28/08/ 2025 को रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) मे हो गई है के संबंध में स्व. मोतीचंद जायसवाल पिता स्व. कपिलनाथ जायसवाल के द्वारा आवेदिकागण के पक्ष मे निष्पादित वसीयतनामा के आधार पर विधिक उत्तराधिकारी का प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है इस संबंध में उपरोक्त प्रकरण की सुनवाई न्यायालय मे सुनवाई हेतु दिनांक 24/03/ 2026 की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः नोटिस समाचार पत्र के प्रकाशन के माध्यम से आम जनता को सूचना देते हुये निर्देशित किया जाता है कि सुनवाई तिथि 24/03/2026 को इस न्यायालय में ठीक 11:00 बजे दिन में न्यायालय मे स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। यदि सुनवाई तिथि दिनांक 24/03/2026 को किसी कारणवश न्यायालय बंद होने न्यायालयीन अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की अग्रिम सुनवाई नियमित रूप से अगले कार्य दिवस पर की जा सकेगी।

मेरे हस्ताक्षर / न्यायालय के सील मुद्रा से आज दिनांक 24/2/2026 को जारी किया गया।

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के अतिरिक्त कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### रविन्द्र का निधन, उनकी आंखों से मिलेगी रौशनी



**बिलासपुर।** अंबा पार्क बी 101 लिंगियाडीह निवासी रविन्द्र बापू डी जोशी 59 वर्ष का निधन बुधवार की सुबह 11.35 पर हो गया। उनके परिजन ने मरणोपरांत उनके नेत्रदान की इच्छा प्रकट की। उन्होंने सक्षम संस्था से संपर्क किया। सक्षम संस्था द्वारा सिम्स के नेत्रदान सलाहकार धर्मेंद्र देवांगन से संपर्क करने के पश्चात नेत्रदान संपन्न कराया। स्वर्गीय जोशी के नेत्रदान से दो दृष्टि बाधित दिव्यांगों को नेत्र ज्योति प्राप्त होगी। वे अर्चना जोशी के पति व रचना जोशी के पिता व जयंत, गोविन्द, सुरेन्द्र जोशी के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार की सुबह 9 बजे उनके निवास से मधुबन घाट दयालबंद को जाएगी। सक्षम संस्था द्वारा स्वर्गीय जोशी के निधन पर श्रद्धांजलि ज्ञापित किया गया।

### छात्रों ने परीक्षा दौरान नियमित क्लास लगाने की मांग

**बिलासपुर।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंटस आर्गेनाइजेशन एआईडीएसओ द्वारा परीक्षाओं के दौरान छात्रों का नियमित क्लास कराने की मांग को मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन का कहना है कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद से ही कालेजों में आए दिन परीक्षाएं आयोजित हो रही है। क्योंकि सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली में प्रत्येक 6 महिने के अंतराल में दो इंटर्नल, असाइनमेंट, पीपीटी प्रेजेंटेशन और प्रैक्टिकल परीक्षा होती है तब जाकर मुख्य सेमेस्टर परीक्षा होती है। इस दौरान छात्रों को पढ़ाई करने का बहुत कम समय मिल पाता है। ऐसी स्थिति में जनवरी माह में यूजी और पीजी के छात्रों का परीक्षा पूरी हुई है। मार्च महिने के द्वितीय सप्ताह से फाइनल ईयर के छात्रों का वार्षिक परीक्षा होने जा रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं की पढ़ाई जारी रहे इसके लिए कालेज प्रशासन द्वारा समय सारिणी जारी किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यूजी और पीजी के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के रिजल्ट जल्द से जल्द जारी किया जाए। यूनिवर्सिटी इस विषय पर संज्ञान लेकर कालेज प्रशासन को आवश्यक निर्देश प्रदान करें ताकि कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो और विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। इस पर परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर ने छात्रों से कहा है कि कक्षाएं दोपहर में संचालित होगी और सुबह एवं शाम परीक्षाएं आयोजित होगी।

### स्वाति को मिली पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** अटल बिहार बाजपेयी विश्वविद्यालय ने समाज शास्त्र विषय में श्रीमती स्वाति शर्मा को युवाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयीन युवाओं के विशेष संदर्भ में एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर शोध उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध निर्देशन डॉ. श्रीमती अर्चना शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया है। इस उपलब्धि का श्रेय स्वाति शर्मा ने अपने माता-पिता एवं पति लक्ष्मण शर्मा को दिया है।

### आकांक्षा विश्वकर्मा को पीएचडी



**बिलासपुर।** श्रीमती आकांक्षा विश्वकर्मा को सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यह उपाधि भौतिकी विषय में अपने शोध कार्य, शीर्षक डिजाइन एंड एनालिसिस ऑफ कॉपर प्रिंटेड स्ट्रेचेबल एंटीना फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशन के लिए प्राप्त की है। आकांक्षा विश्वकर्मा ने यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश तिवारी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। वर्तमान में आकांक्षा विश्वकर्मा शासकीय ई राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय में अतिथि व्याख्याता भौतिकी के पद पर कार्यरत हैं एवं विजय विश्वकर्मा की धर्मपत्नी, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं श्रीमती छाया विश्वकर्मा की सुपुत्री हैं।

### किसान, युवा और महिलाओं के हित में है बजट



**बिलासपुर।** राज्य सरकार का बजट किसान युवा और महिला हितैषी बजट है, एनसीसी का स्वल्पाहार की राशि को डबल करना । किसानों को ऋण मुक्त ब्याज बहनों को 18 वर्ष पूर्ण होने पर डेढ़ लाख रुपए देना साहसिक कदम है। 50 लाख तक के कार्यों को ग्राम सभा को एजेंसी बनाए जाने पर विकास में गति आएगी। प्रधानमंत्री सड़क के लिए 1700 करोड़ का प्रावधान गांवों के विकास को नया आयाम प्राप्त होगा जिससे किसानों को आवाजाही के लिए सुगम मार्ग प्राप्त होगा। इस बजट में सारे वर्गों का ख्याल रखा गया है।

### संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ता सशक्त छत्तीसगढ़-सन्नी



**बिलासपुर।** भाजपा के नेता सन्नी केसरी ने कहा कि विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट राज्य के समग्र, संतुलित एवं समावेशी विकास का सशक्त दस्तावेज है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह संकल्प बजट छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने का रोडमैप है। 1.72 लाख करोड़ रुपए के इस ऐतिहासिक बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं आदिवासी अंचलों के सर्वांगीण उत्थान का विशेष ध्यान रखा गया है। कृषि क्षेत्र के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, सिंचाई और अधोसंरचना के विस्तार की योजना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास राज्य के अन्नदाताओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# आटो डायवर्सन की गाइडलाइन जारी, ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपनी जमीन का डायवर्सन कराना चाह रहे जमीन मालिक अब सुलभ तरीके से यह काम करा पाएंगे। डायवर्सन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की घोषणा के बाद दो महीने से इसकी गाइडलाइन का इंतजार किया जा रहा था। शासन द्वारा मंगलवार को आटो डायवर्सन के लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इसमें डायवर्सन की दरों में दस से बीस प्रतिशत की कमी की गई है।

■ घोषणा के दो महीने बाद भी जारी नहीं हो सकी थी गाइडलाइन

आटो डायवर्सन का आवेदन प्रस्तुत करने के लिए शासन की गाइडलाइन का इंतजार कर रहे जमीन मालिकों का इंतजार अब समाप्त हो चुका है। शासन द्वारा मंगलवार को जमीन के ऑनलाईन डायवर्सन के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। राजस्व विभाग के अनुसार शासन द्वारा बिलासपुर जिले में जमीन की दरें पुनरीक्षित करने के कारण डायवर्सन की दरों में भी दस से बीस प्रतिशत की कमी आई है। आटो डायवर्सन के अंतर्गत आवेदकों को राजस्व विभाग की वेबसाईट में आटो डायवर्सन के ऑप्शन में जाकर अपना मोबाईल नंबर डालकर प्राप्त ओटीपी के आधार पर अपना पंजीयन करवाना है। इसके बाद दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार अपेक्षित दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन सबमिट कर देना है। सारी प्रक्रिया ऑनलाईन होगी, जिसमें आवेदक को डायवर्सन आदेश के लिए किसी के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### पुराने आवेदकों के डायवर्सन भी ऑनलाइन ही



ऐसे जमीन मालिक जिन्होंने अपनी जमीन के डायवर्सन के लिए राजस्व विभाग में पहले से ही आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, उनके प्रकरण भी आटो डायवर्सन प्रक्रिया के अंतर्गत ही निराकृत किए जा सकेंगे। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शासन से गाईडलाईन प्राप्त होने के बाद अब मैनुअली डायवर्सन नहीं किए जा सकेंगे।

### पोर्टल में आई खराबी, आवेदन प्रभावित

सरकार ने गाइडलाइन तो जारी कर दी है, लेकिन अपनी जमीन का डायवर्सन चाहने वाले जमीन मालिकों को अभी भी इसके लिए इंतजार करना होगा। राजस्व विभाग की वेबसाईट में जहां आटो डायवर्सन का ऑप्शन दिया गया है, वहां कुछ खामियां हैं, जिसमें सुधार की जरूरत है। सुधार के लिए राज्य कार्यालय को सूचित कर दिया गया है।

### मिल चुकी है गाइडलाइन

आटो डायवर्सन के लिए शासन से गाइडलाइन प्राप्त हो चुकी है, लेकिन पोर्टल में खराबी की वजह से आवेदन प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। राज्य कार्यालय को सुधार हेतु सूचित किया जा चुका है। पुराने आवेदकों को भी आटो मोड में ही आवेदन करना होगा।

-मनीष साहू,
एसडीएम बिलासपुर

## एटीआर प्रबंधन और ग्रामीणों एवं पैदल गार्ड के सहयोग से कर रहा नाला बंधन का कार्य

# भीषण गर्मी में वन्यप्राणियों को नहीं होगी पानी की दिक्कत



अचानकमार रिजर्व मार्ग में की गई पानी की व्यवस्था।

### 131 से अधिक सौसर

प्रबंधन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन में शाकाहारी और वन्यप्राणियों की संख्या काफी अधिक हैं। इसके साथ ही पिछले एक साल से प्रबंधन टाइगर और टाइग्रेस की संख्या में बढ़ोत्तरी का भी दावा कर रहा है। एटीआर में 7 वन परिक्षेत्र हैं, जिसमें चार कोर में और 3 बफर में बने रेंज में सभी वन्यप्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए 131 से सौसर एटीआर में बनाए गए हैं। इसमें प्रति 3 दिन के अंतराल में टेंकर से पानी लाकर भरने का काम किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों के पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रबंधन ने काम की शुरुआत कर दी है। इसके तहत एटीआर के खाली सौसर में टेंकर से पानी भरने के साथ जंगल के नालों में बारिश का पानी रोकने के लिए नाला बंधन का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस कार्य में श्रमदान के अलावा ग्रामीण और पैदल गार्ड का भी प्रबंधन को पूरा सहयोग मिल रहा है।

मार्च से भीषण गर्मी का असर दिखाई देने लगता है। दोपहर की तेज और भीषण गर्मी के कारण सबसे अधिक समस्या पीने के पानी की होती है। गर्मी की वजह से शहर में तालाब और नदी पूरी तरह से सूख जाते हैं। इससे बचने के लिए लोग पानी के साथ ठंडे पेय पदार्थ का उपयोग अधिक करते हैं। शहर के साथ ग्रामीण एरिया और जंगल में भी भीषण गर्मी के कारण हालत खराब हो जाती है। इसमें सबसे अधिक समस्या वन्यप्राणियों को रहती है, जो जंगल में पानी नहीं मिलने के कारण गांव की ओर आ जाते हैं। इन वन्यप्राणियों के गांव में आने के बाद उनका शिकार भी हो जाता है। इसी तरह का हाल अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी प्रतिवर्ष होता है। एटीआर के जंगल में पेड़ अधिक होने के कारण भीषण गर्मी से थोड़ी राहत तो मिल जाती है, लेकिन पानी की समस्या जंगल में भी होने लगती है। अचानकमार टाइगर



रिजर्व के जंगल में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के पानी की समस्या को दूर करने के लिए 200 से 500 मीटर की दूरी के बीच सौसर भी बनाए गए हैं, जो वर्तमान में सूखने लगे हैं। सौसर में पानी नहीं होने के कारण जंगल के अंदर में रहने वाले वन्यप्राणी भी गांव की ओर आना शुरु हो जाता है। सौंसर के अलावा नाले के पानी से वन्यप्राणी अपनी प्यास बुझाते हैं। आने वालें दिनों में गर्मी के कारण पानी की समस्या को देखते हुए एटीआर प्रबंधन को भी एटीआर प्रबंधन को भी अब चिंता सताने लगी है। वन्यप्राणियों को होने वाली पानी की समस्या को दूर करने के लिए अब एटीआर प्रबंधन ने खाली हो रहे सौसर में टेंकर से पानी लाकर भरना शुरु कर दिया है। इसके अलावा मौसमी नाले जिसमें बारिश का पानी आता है, उसे अस्थायी रूप से नाला बंधन का कार्य श्रमदान और पैदल गार्ड के सहयोग से शुरु कर दिया गया है। सौंसर के अलावा नाला बंदन ने वन्यप्राणियों को भीषण गर्मी पानी के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, और उनकी नाले के अलावा सौंसर के पानी से प्यास बुझ सकेगी।

### अस्थायी रूप से कार्य

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में वन्यप्राणियों को होने वाली पानी की समस्या को दूर करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। एटीआर में 400 से अधिक प्राकृतिक जलस्रोत के अलावा 131 से अधिक सौसर में टेंकर से पानी लाकर भरने का भी काम हो रहा है। यह विशेष रूप से जियो ट्रैकिंग भी करने के साथ एनटीसीए के प्रावधान के तहत पूरा कार्य किया जा रहा है। वहीं बफर और कोर जोन में जितने भी नाले हैं, जिनमें बारिश का पानी भरने के बाद खाली हो जाता है, वहां श्रमदान से नाली बंधन का कार्य शुरु कर दिया गया है। इससे आने वाली गर्मी में वन्यप्राणियों को राहत मिलेगी।

-यूआर गणेश
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर



पुलिस अधिकारियों का सम्मान करते सराफा एसोसिएशन के सदस्य।

# सराफा एसोसिएशन ने किया पुलिस अधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विगत दिनों राजकिशोरनगर स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना और कुछ दिनों बाद सीपत में हुई घटना को मद्देनजर रखते हुए आज एसएसपी रजनेश सिंह ने सराफा व्यापारियों की बिलासा गुड़ी स्थित चेतना हाल में बैठक ली। इस बैठक में एसएसपी ने सराफा व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी पैमाने बताए। बैठक के पहले सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में महालक्ष्मी ज्वेलर्स के गिरोह को 24 घंटे के भीतर पकडऩे पर आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी रजनेश सिंह, एडिशनल एसपी पंकज पटेल सहित ऑपरेशन गोल्ड में शामिल 11 सदस्यीय टीम को शॉल, मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री सोनी ने बिलासपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के सबसे बड़ी लूट की घटना के आरोपी को बिलासपुर पुलिस ने कड़ी मेहनत और टीम वर्क करते हुए 24 घंटे के अंदर अपराधियों को पकड़कर इतिहास रच दिया। इसके लिए बिलासपुर पुलिस को जितना धन्यवाद दिया जाए व कम है। इस ऑपरेशन में उत्तर प्रदेश पुलिस का सहयोग भी सराहनीय है।

### सुरक्षा मापदंड की मिली जानकारी

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि बैठक में सराफा व्यापारियों को सुरक्षा के मापदंड से अवगत कराया गया है। जिले में कुछ दिनों पहले हुई लूट की घटना चैलेंजिंग थी, लेकिन टीम के सहयोग से अपराधी पकड़े गए हैं। आगे इस तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए सराफा व्यापारियों को विशेष दिशा निर्देश देकर उसका पालन करने के लिए कहा गया है। उपस्थित सभी सराफा व्यापारियों को दुकानों में आवश्यक रूप से उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी लगवाने कहा गया है। इसके साथ सोने ,चांदी के सामानों को रोजाना लाना ले जाना करना जान और धन दोनों की हानि की संभावनाओं को बढ़ाता है इसलिए दुकान में ही सामान रखने की पुख्ता व्यवस्था करनी चाहिए।

### एसएसपी ने ली सराफा व्यापारियों की बैठक



### आम जनता भी पुलिस का हिस्साः आईजी

आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर सबसे पूरी जानकारी को समझकर एडीशनल एसपी पंकज पटेल, सीएसपी निमितेश सिंह सहित पूरी टीम एलर्ट रहते हुए अपराधियों तक पहुंचने की तैयारी शुरु कर दी। टीम की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि 24 घंटे के अंदर गिरोह पकड़ा गया और सामान भी सुरक्षित बरामद हुआ। यूपी पुलिस का सहयोग भी मिला। आईजी ने कहा कि आम जनता भी पुलिस का हिस्सा है। सभी को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझनी होगी।

### पुलिस के निर्देशों का होगा पालन

प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि बैठक में एसएसपी द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का सराफा व्यापारी अमल करेंगे। अप्रैल माह में सदस्यों का नवीनीकरण किया जाएगा जो सराफा व्यापारी बैठक में दिए गए निर्देशों को पूरा नहीं करेंगे उनकी सदस्यता का नवीनीकरण नहीं होगा।

## यादव समाज ने किया फिल्म का विरोध



**बिलासपुर।** सर्व यादव समाज के नेतृत्व में समाज के स्वाभिमान एवं अस्मिता की रक्षा हेतु यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के विरोध में नेहरू चौक से कलेक्टर कार्यालय तक शांतिपूर्ण रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं भारत सरकार के फिल्म उद्योग अध्यक्ष से आग्रह किया है कि उक्त फिल्म के प्रदर्शन रिलीज पर तत्काल रोक लगाई जाए, क्योंकि फिल्म की विषयवस्तु से यादव समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि यदि फिल्म को रिलीज किया जाता है तो यादव समाज आगामी समय में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डीसी यादव, जिला अध्यक्ष सर्व यादव समाज रामचंद्र यादव, राम यादव, सरजू यादव, मंजीत यादव, शैलेंद्र यादव, रोहित यादव, आशीष यादव, आयुष यादव, तरुण यादव, सुखनंदन यादव, विक्की यादव, प्रवीण यादव, राज यादव, विलास यादव, नंदकुमार यादव, गोपाल यादव आदि उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज की मासिक बैठक का समापन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज की मासिक बैठक एवं प्रदेश महिला कार्यकारिणी व अन्य कार्यक्रम का आयोजन ईमलीपारा कृष्णाधाम यादव भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जवाहर यादव ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए महिलाओं को आगे आकर समाज के लिए कार्य करने से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता। शिक्षा स्वास्थ एवं संस्कार पर विशेष ध्यान देते हुए समाज विकास हेतु युवा साथियों को प्रेरित करना आवश्यक है। सभापति के रूप में वरिष्ठ एवं समाज प्रमुख गंगाराम यादव, अध्यक्षता प्रदेश मीडिया प्रभारी तेरस यादव ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति की बात हमें सुननी चाहिए ताकि अंतिम पंक्ति में बैठे सामाजिक व्यक्ति भी अपने विचार व्यक्त कर सके। स्वागत भाषण इकाई प्रभारी रोहित यादव ने दिया। प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक ललित यादव ने समाज को विकास की सही दिशा देने के लिए चार स्तंभ पर विशेष कार्य करने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश महिला यादव संगठन की प्रदेश अध्यक्ष किरण यादव ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें उपाध्यक्ष पुष्पा सन्नी यादव, कोषाध्यक्ष लता यादव, सविता यादव, ज्योति यादव, प्रदेश सचिव पूजा यादव, सहसचिव अंजू यादव, मंजू यादव, परमेश्वरी यादव, प्रदेश संगठन सचिव प्रियंका यादव, दुर्गा यादव, मना यादव, प्रतिमा यादव बिलासपुर, शैल यादव, सहकोषाध्यक्ष प्रतिभा यादव, प्राची यादव, उर्मिला यादव, नीलम यादव, संगठन सहसचिव प्रभा यादव, संगीता यादव शामिल हैं। आभार प्रकट इकाई अध्यक्ष रोहित यादव ने और संचालन प्रदेश प्रवक्ता ललित यादव ने किया।



## परीक्षा टाइम टेबल संशोधित करने अटल यूनिवर्सिटी तैयार नहीं

# दूसरे दिन भी छात्रों की भीड़ ने किया विवि का घेराव

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के बीच अटल यूनिवर्सिटी आयोजित यूजी-पीजी की परीक्षा फंस रही है और यूनिवर्सिटी अपने टाइम टेबल में संशोधन करने तैयार नहीं है। इसलिए छात्र-छात्राओं की भीड़ बुधवार दूसरे दिन भी यूनिवर्सिटी का घेराव करने पहुंची थी। वहीं यूनिवर्सिटी पेपरों के बीच दो-तीन दिनों का गेप देने को सहमत हो गई है।

कालेजों के छात्र-छात्राओं की भीड़ आज फिर दोपहर करीब 12 बजे यूनिवर्सिटी परीक्षा विभाग का घेराव करने पहुंची थी। उस समय परीक्षा विभाग के अधिकारी यूनिवर्सिटी मेन बिल्डिंग गए हुए थे, इसलिए छात्र-छात्राएं वहीं सामने धरने पर बैठ गए। काफी देर तक छात्रों का प्रदर्शन चलता रहा, उसके बाद परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर व डिप्टी रजिस्ट्रार कुरैशी वहां पहुंचे, उन्हें देख छात्र जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे। इसके बाद यूनिवर्सिटी के इन अधिकारियों और प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच चर्चा हुई। छात्रों का स्पष्ट कहना था कि क्या यूनिवर्सिटी प्रशासन परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन के लिए तैयार है। इस पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यूनिवर्सिटी द्वारा जारी टाइम टेबल में दो परीक्षाओं के मध्य दो से तीन दिनों का अंतराल देने सहमति बन गई है। छात्रों ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय परीक्षाओं की तिथियों को लेकर किसी प्रकार के समायोजन या परिवर्तन के लिए यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तारणीश गौतम तैयार नहीं है। इसलिए उनमें नाराजगी है, क्योंकि कई छात्र-छात्राओं की प्रतियोगी परीक्षाएं यूनिवर्सिटी की पीक्षा तिथियों से प्रभावित हो रही है। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि एनटीए आयोजित परीक्षाओं में यूनिवर्सिटी द्वारा कालेजों में आयोजित परीक्षा में टकराव की स्थिति का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### छात्रहितों की अनदेखी करने का आरोप

छात्रों ने यूनिवर्सिटी पर छात्रहितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी की गई वर्तमान परीक्षा समय सारिणी में दो परीक्षाओं के मध्य मात्र एक या दो दिन का ही अंतराल रखा गया है, जिससे हजारों विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह यूनिवर्सिटी आयोजित परीक्षा एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की एक ही तिथियों के कारण छात्र-छात्राओं के समक्ष यह समस्या खड़ी हो गई है कि वे या तो अपने कालेज की परीक्षाएं दिलाए या फिर सीयूईटी समेत राष्ट्रीय स्तर की अन्य परीक्षाओं में शामिल हों।

**इन परीक्षाओं के बीच टकरा रही कालेज की परीक्षा**

- जेईई मुख्य सत्र 1 - 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026
- जेईई मुख्य सत्र 2 - 2 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026
- सीयूईटी पीजी 2026 - 6 मार्च से 27 मार्च 2026
- सीयूईटी यूजी 2026 - मई माह में संभावित
- नीट यूजी 2026 - 3 मई से संभावित
- यूजीसी नेट 2026 - जून माह में संभावित



## खबर संक्षेप

### जेल में बंद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिलासपुर।** जेल में बंद आरोपी के खिलाफ एक और नौकरी लगाने के नाम 1.50 लाख रुपए धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मस्तूरी निवासी मनीष राठौर पिता नारायण राठौर ने रिपोर्ट लिखाई। 15 जून 2023 को उसने नौकरी लगाने के नाम पर मुलमुला छेडोलिया निवासी राजा भैया लहरे को 1.50 लाख रुपए दिया था। नौकरी नहीं लगने पर वह पैसा वापस मांगने उसके घर गया तो वह घर छोड़कर भाग गया था। पिछले दिनों उन्हें पता चला कि हिर्री थाना के मामले में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में राजा भैया लहरे जेल में बंद है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजा भैया लहरे के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जमीन का पैसा मांगने पर बहन को भाइयों ने पीटा

**बिलासपुर।** अपने हिस्से की जमीन का पैसा मांगने पर बहन के साथ भाइयों ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, जोंकी निवासी रूकमणी साहू पति अवगराम साहू अपने भाईयों के साथ मायके में अलग रहती है। 8 फरवरी को सुबह 11 बजे वह भाइयों के पास अपने हिस्से के जमीन के बेचे हुए रकम को मांगने गई थी। इसी बात को लेकर उनके भाई भुनेश्वर साहू, भरत साहू व भाई बहू दिव्या ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने रूकमणी की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 8 साल की बच्ची से छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाकर 8 साल की बच्ची से छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली एक महिला पति की मृत्यु के बाद अपनी 8 साल 5 माह के बेटी के साथ रह रही है। उनके घर में परिचित घुरू निवासी ड्राइवर ओंकार केनार पिता चुन्नीलाल केनार 38 साल का आना जाना था। मां की अनुपस्थिति में ओंकार बच्ची के साथ छेड़खानी करते रहता था। डर से बच्ची घटना के संबंध में अपनी मां को नहीं बता रही थी। पिछले दिनों ओंकार केनार बच्ची को अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़खानी करने लगा। उसके बाद बच्ची ने घटना की जानकारी अपनी मां को बताई। महिला अपनी बच्ची को लेकर रिपोर्ट लिखाने थाने आई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर आरोपी ओंकार केनार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल में पैसा मांगने वाले दो किन्नर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल में ताली बजाकर पैसा मांगकर वाहन सवार महिला पुरूष को परेशान करने वाले दो किन्नरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू को शिकायत मिली, नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल में दो किन्नर खड़े होकर रेड लाइट होने पर खड़े होने वाले वाहन सवार महिला व पुरूष को ताली बजाकर परेशान करते हुए पैसा मांग रहे हैं। श्री साहू ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नेहरू चौक में जाकर वाहन सवारों से पैसा मांगते किन्नर जूली चौधरी रजिया किन्नर 36 साल, नफीसा खातून गुरू रजिया 25 साल को पकडकर बीएनएस की प्रतिबंधात्मक धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

**आईडी बनाने में जिला अंतिम पायदानों में एक** | साल भर में अभी तक 4 लाख 4139 बच्चों में से सिर्फ 2 लाख 61 हजार छात्रों की ही आईडी बनी

# डेढ़ लाख बच्चों की अपार आईडी अभी तक नहीं बन सकी, 1200 स्कूलों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिला अपार आईडी बनाने में पिछड़ रहा है। साल भर बीतने को है, लेकिन अभी तक कुल 4 लाख 4139 बच्चों में से सिर्फ 2 लाख 61 हजार छात्रों की ही आईडी बन सकी है। एक लाख 43 हजार बच्चों की आईडी बनाने की चुनौती है। लापरवाही और देरी के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 1200 अधिक निजी और सरकारी स्कूलों को नोटिस भी जारी किया गया है। अब लेकिन शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पढ़ने वाले छात्रों की अपार आईडी को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने नया आदेश जारी किया है। जिसका अब विरोध शुरू हो गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा है कि आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति (जो सरकार स्कूलों को देती है) तभी मिलेगी, जब हर बच्चे की अपार आईडी बनी हो और पोर्टल पर उसका मिलान हो जाए।

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि, यह आदेश व्यवहारिक नहीं है और आरटीई की मूल भावना के विपरीत है। प्राइवेट स्कूलों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक अपार आईडी शत-प्रतिशत नहीं बन पाई है। ऐसे में प्रतिपूर्ति राशि को पूरी तरह अपार आईडी से जोड़ना त्रुटिपूर्ण है। स्कूलों का तर्क है कि, अपार आईडी बनवाना केवल स्कूल के कार्यक्षेत्र में नहीं आता, बल्कि इसमें अभिभावकों की सहमति और सहयोग सबसे अहम है।

### पहली से 12 वीं तक के छात्रों की रहेगी कुंडली

फिलहाल देखा जाए तो प्रदेश में अपार आईडी बनाने में बिलासपुर जिला अंतिम पायदानों में से है। प्रदेश स्तर से इस संबंध में जवाब भी मांगा गया है। गौरतलब है कि छात्रों की कुंडली बनाने के लिए शासन स्तर से नई योजना बनाई है। जिसमें स्कूलों में कक्षा पहली से 12 वीं तक प्रत्येक छात्रों की अपार आईडी बनाना है। अपार आईडी एक डिजिटल आईडी कार्ड है। जिसमें छात्रों के शैक्षणिक रिकार्ड के एक स्थान में अपलोड कर सुरक्षित रखना है। इस योजना में प्री प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक की जानकारी अपडेट रखना है। इसके तहत प्रत्येक छात्रों का आधार कार्ड से जोड़कर छात्रों की मार्कशीट, डिग्री, सर्टिफिकेट और अन्य जानकारी अपडेट रखना है। डीईओ विजय तांडे ने बताया कि अपार आईडी बनाने में कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही है।




### चर्चा की जा रही है

अपार आईडी बनाने में कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं। स्कूलों को भी लापरवाही के मामले में नोटिस जारी किया गया है। प्रत्येक छात्रों का आधार कार्ड से जोड़कर छात्रों की मार्कशीट, डिग्री, सर्टिफिकेट और अन्य जानकारी अपडेट रखना है। आरटीई के संबंध में जारी नए आदेश के बारे में डीपीआई से चर्चा की जा रही है।

\- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### इस तरह की आ रही दिक्कतें

अपार आईडी बनाने के लिए शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही है। अशिक्षा कहें या अज्ञानता आज के दौर में भी कई अभिभावक अपने बेटों या बेटियों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए हैं। इसके अलावा कई छात्रों का अब तक आधार कार्ड नहीं बन पाया है। कई छात्रों के आधार कार्ड में नाम या जन्मतिथि जैसी गलतियां हैं, एक ही मोबाइल नंबर से बहुत सारे छात्रों का पंजीकरण करा लिया गया है। अभिभावकों द्वारा आधार लिंकिंग में देरी के कारण सबसे अधिक परेशानी हो रही है। स्कूल स्तर पर सत्यापन में विलंब होने के कारण छात्रों की आईडी में देरी। लॉगिन की समस्या के कारण अपार आईडी डिजीलाकर में दिखाई नहीं दे रही है।

### प्राइवेट स्कूलों ने गिनाई तीन बड़ी समस्या

इस बारे में निजी स्कूलों का कहना है कि प्रदेश में अभी सभी बच्चों की अपार आईडी बनी ही नहीं है। यानी 100% बच्चों का डेटा तैयार नहीं है। ऐसे में सरकार अगर कहती है कि "पहले अपार आईडी, फिर पैसा", तो ये आरटीई कानून की भावना के खिलाफ माना जा रहा है। इसके साथ ही अपार आईडी के लिए माता-पिता की सहमति जरूरी होती है। कई अभिभावक ऐसे हैं जो अब तक सहमति पत्र ही नहीं दे रहे। स्कूल इन बच्चों की लिस्ट बनाकर नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को भेज भी रहे हैं, फिर भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। साथ ही कई बच्चों के नाम और जन्मतिथि स्कूल के रिकॉर्ड और आधार कार्ड में अलग-अलग हैं। जब तक यह सुधार नहीं होता, अपार आईडी बन ही नहीं सकती। निजी स्कूलों की मांग है कि जो बच्चे पहले से आरटीई पोर्टल में पंजीकृत हैं और स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उन्हें इस नए नियम से बाहर रखा जाए। यानी उनके लिए प्रतिपूर्ति न रोकी जाए।

---

अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर, दुकानदारों को दी गई चेतावनी

# हेमू कालानी चौक से नए बस स्टैंड तक पांचवां ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन


बुधवार को संयुक्त अभियान चलाते नगर निगम व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी।

### आज भी हेमू कालोनी चौक से चलेगा अभियान

गुरुवार को भी हेमू कालानी चौक से लेकर नया बस स्टैंड तक ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन बनाए जाने हेतु सघन एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसकी सूचना समस्त दुकान संचालकों को अनाउंसमेंट के माध्यम से दी गई है इसके बावजूद भी अगर उनके द्वारा निर्धारित जगहों को नजरअंदाज करते हुए अनावश्यक रूप से सार्वजनिक आवागमन के मार्ग को बाधित करने या संकीर्ण करने या अवरोध उत्पन्न करने का लापरवाही की जाएगी उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, डीएसपी शिव चरण परिहार, सम्बन्धित नगर निगम के जोन कमिश्नर, टैंगो अभय खलखों, प्रधान आरक्षक धनसिंह, कुशल कौशिक, अन्य पुलिस स्टाफ एवं नगर निगम के स्टॉफ की विशेष एवं उल्लेखनीय भूमिका रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई।

शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इन इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पांचवा सेक्टर घोषित कर हेमू कालानी चौक से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण कर दुकान संचालकों के द्वारा फुटपाथ पर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न किए गए हैं उन्हें खाली करने कहा गया। निगम के मुताबिक पूर्व निर्धारित सेक्टर के अलावा अन्य जगहों पर सेक्टर निर्धारित करके की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 5 सेक्टरों को ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन बनाया जा चुका है और आगे भी काम जारी है। इसमें पीपीपी मॉडल पर हो रही सभी सेक्टर में सुगम आवागमन हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे सेक्टर के रूप में तालापारा स्थित मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक की सड़क को शामिल किया गया है। यहां पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए गए।

### अवैध और अतिरिक्त निर्माण कार्य पर चलेगा बुलडोजर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने बताया कि सेक्टरों लगातार कार्रवाई करते हुए आम नागरिकों को ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन के संबंध में बताया जा रहा है। अवैध और अतिरिक्त संरचना या निर्माण कार्य को डिस्मेंटल करते हुए कार्रवाई की बार-बार चेतावनी भी दी जा रही है। इसके बावजूद भी कई दुकानदार निर्देशों का उल्लंघन कर मुख्य मार्गों पर कब्जा कर रहे हैं। इन्हें भी कड़ी चेतावनी दी गई है। इसी क्रम में पूर्व चार सेक्टर के अलावा क्रमशः नवीन 5 वाँ सेक्टर घोषित कर हेमू कालानी चौक से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण कर दुकान संचालकों के द्वारा फुटपाथ पर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न किए गए हैं जिन्हें तत्काल ही अतिक्रमण मुक्त किए जाने हेतु संदेश प्रसारित की गई।

---

# कार से बस फिर एक अन्य कार को टक्कर मारकर भागने की कोशिश, 3 युवक गिरफ्तार





### परसदा व रामा लाइफ सिटी के सामने हादसा, कार व थार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे में घूम रहे कार सवार दो युवकों ने पहले बस को टक्कर मारी, उसके बाद एक अन्य कार को टक्कर मार दी, जिससे लोगों ने कार सवार दोनों युवकों को पकड़कर जमकर पिटाई शुरू कर दी, इसी दौरान उनका दोस्त दूसरी कार लेकर आया और दोनों युवक उसके साथ भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार सहित तीनों युवकों को पकड़ लिया है, कार की तलाशी लेने पर 3 नग चाकू मिला है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर वाहनों को जब्त कर लिया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया कि 25 फरवरी की शाम 4 बजे स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 10 बीआर, 8085 में सवार दो युवकों ने नशे में परसदा के पास यात्री को टक्कर मार दी। उसके बाद दोनों युवक कार से भाग निकले। आगे जाकर दोनों युवकों ने रामालाइफ सिटी के पास एक बलेनो कार को टक्कर मार दी। लोगों ने कार सहित दोनों युवकों को पकड़ लिया। दोनों युवकों के नशे में होने पर लोगों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी।

### दूसरी कार से भागे

सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर लोगों से दोनों युवकों को छुड़ा रही थी। इसी दौरान दूसरी कार महिंद्रा थार क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 6664 से एक युवक आकर रूका। दोनों कार सवार युवक उसमें बैठकर आसमा सिटी होते हुए भागने लगे। पेट्रोलिंग पार्टी थार के पीछे लग गई। मेंड्रा रोड में कार खराब होने से तीनों युवक उससे उतरकर दौड़ने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए शैलेन्द्र उर्फ मोनू सिंह पिता प्रताप सिंह 33 साल कालिका नगर तिफरा, राहुल तिवारी पिता राजेश तिवारी 26 साल उसलापुर, ईशांत सिंह पिता बी एलमण्डलोई 24 साल रामालाइफ सिटी निवासी को पकड़ लिया। थार की तलाशी लेने पर तीन नग चाकू मिला। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर थान व कार जब्त कर लिया है।

---

# सीसीटीवी फुटेज धुंधला होने से पुलिस की 3 टीम 6 दिन में उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई

**बिलासपुर।** सीपत खम्हरिया के सराफा व्यापारी से 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर की उठाईगीरी के मामले में धुंधला सीसीटीवी फुटेज होने से उठाईगीरों को पकड़ने में पुलिस का पसीना छूट रहा है। पुलिस की 3 टीम 6 दिन में उठाईगीरों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

20 फरवरी को सीपत खमरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी शाम 7 बजे दुकान में रखे 10 किलो चांदी के आभूषण व 100 ग्राम सोने के आभूषण थैले में रखकर दुकान से बाहर निकले। थैला शटर के पास रखकर वे दुकान बंद करने शटर गिरा रहे थे। इसी दौरान बाइक से नकाबपोश तीन युवक वहां पहुंचे, एक युवक बाइक से उतरकर दौड़ते हुए दुकान के पास जाकर आभूषण से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर अपने साथी के साथ एसएसपी ने उठाईगीरों को पकड़ने के लिए सीपत पुलिस, एसीसीयू, रेंज साइबर थाना के 3 टीम बनाई है। सराफा दुकान के आसपास अंधेरा होने से आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में उठाईगीरों का धुंधला फुटेज आने से पुलिस कुछ समझ नहीं पा रही है। पिछले 6 दिनों से पुलिस की तीनों टीम, कोरबा, बलौदाबाजा, जांजगीर क्षेत्र में भ्रमण कर उठाईगीरों का सुराग लगा हवा में लाठी पीट रही है। पुलिस ने पूर्व में उठाईगीरी, लूट के मामले में पकड़े गए 25 से अधिक संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। उसके बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

### दुकान सीसीटीवी कैमरा खराब

सराफा व्यापारी ने सुरक्षा की दृष्टि से दुकान के अंदर सीसीटीवी कैमरा लगाया है। किन्तु बाहर में एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया है। उसमें भी अंदर का सीसीटीवी कैमरा काफी समय खराब होकर बंद है। सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने व सूचनातंत्र फेल होने से पुलिस टीम उठाईगीरों तक नहीं पहुंच पा रही है।

# फर्जी क्राइम ब्रांच सिपाही बनकर बुजुर्ग से 3 तोला सोने की चेन व अंगूठी की ठगी

**बिलासपुर।** फर्जी क्राइम ब्रांच के सिपाही बनकर बाइक सवार दो युवकों ने लूट की वारदात होने का भय दिखाकर एक बुजुर्ग से 3 तोला सोने की चेन, अंगूठी ठगी कर कागज की पुड़िया में पत्थर थमा दिया और भाग गए। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के एसआई अमृत साहू ने बताया, रूखमणी विहार निवासी हरिकिशन पटेल 66 साल का बेटा लिंक रोड में किराना दुकान चलाता है। 25 फरवरी की दोहपर 2.30 बजे वे बेटे को टिफिन देने के लिए दुकान गए थे। टिफिन देने के बाद स्कूटी से घर लौट रहे थे। समता कालोनी के पास उनकी स्कूटी को ओवरटेक करते हुए बाइक सवारों ने रोका, इन्होंने खुद को क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी बताते हुए कहा शहर बहुत लूट की वारदात हो रही है और दूसरे युवक को एक झापड़ मारकर सोने की चेन उतरवाकर उसे थमा दिया। उसके बाद उक्त बाइक सवार युवक चला गया। उसके बाद दोनों युवकों ने श्री पटेल को ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने की बात कहते हुए उनसे भी कहा शहर में बहुत लूट हो रही है। सोने के जेवर पहनकर मत घूमो। उन्होंने उनके से 3 तोला सोने की चेन व अंगूठी निकलवाकर एक कागज में रख दिया। उसके बाद उनकी आंखों में धूल झोंकते हुए दूसरी कागज की पुड़िया उन्हें थमाकर घर जाकर खोलने कहा और दोनों बाइक सवार चले गए। श्री पटेल घर जाकर कागज की पुड़िया खोलकर देखे तो उसमें पत्थर रखा हुआ था। श्री पटेल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### हत्या का फरार आरोपी 55 मिनट में किया गया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने सूचना मिलने के बाद 55 मिनट के अंदर हत्या के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ विभाग की ओर से आपरेशन रेल प्रहरी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान राज्य पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सतत समन्वय एवं सूचनाओं के अदान प्रदान के माध्यम से ट्रेन व स्टेशन परिसर में होने वाले गंभीर अपराध की रोकथाम एवं आरोपियों की धरपकड़ के लिए किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आरपीएफ की टीम को सूचना मिली कि ग्राम बाकल थाना लालबाग राजनांदगांव में दर्ज हत्या प्रकरण का एक आरोपी फरार हो गया है, जिसके ट्रेन से जाने की आशंका है। सूचना मिलते ही मंडल टास्क टीम तथा अपराध गुप्तचर शाखा सीआईबी को आरोपी के हुलिए एवं उपलब्ध फोटोग्राफ के आधार पर खोजबीन एवं सघन जांच के निर्देश दिए गए। निरीक्षक एनपी पाण्डेय के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, रेसुब पोस्ट एवं सीआईबी के बल सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात 11.45 बजे 68862 झारसुगुड़ा से गोंदिया के बीच चलने वाली जेडी पैसेंजर में सघन जांच की। जांच के दौरान बाकल थाना लालबाग राजनांदगांव निवासी आरोपी उदय उर्फ राज सिन्हा 22 वर्ष को पूछताछ एवं पहचान के बाद तत्काल ट्रेन से उतारकर उच्चाधिकारियों एवं संबंधित पुलिस को सूचना दी गई। पकड़े गए आरोपी को भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत आगे की विधिक कार्रवाई हेतु बाघनदी थाना प्रभारी को विधिवत सुपुर्द किया गया।




